( पौष माह ) वर्ष-10, अंक 191, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज बुधवार 09 अक्टूबर, 2024

TM

नगर संस्करण

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

Adhunik Samachar

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

10 वर्ष विश्वास के

## सीएम की बैठक में अखाड़ा परिषद के दोनों गुट भिड़े, हाथापाई की आई नौबत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** परेड मैदान में सीएम योगी के साथ संवाद शुरू होने के बाद अखाड़ा परिषद के एक धड़े के महामंत्री और पंच निर्मोही अखाड़े के सचिव महंत राजेंद्र दास के तल्ख अंदाज ने आग में घी का काम किया। महंत राजेंद्र दास ने सीएम के सामने भूमि सुविधाओं की बात करने से पहले अखाड़ों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा दिया। महाकुंभ की तैयारी को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के दोनों धड़े आपस में भिड़ गए। सीएम के सामने ही परिषद के पूर्व अध्यक्षों महंत नरेंद्र गिरि और महंत ज्ञानदास पर भ्रष्टाचार और लूट-खसोट के आरोप लगाए जाने लगे। इससे माहौल इस कदर गरमाया कि नोकझोंक के बाद एक-दूसरे को देख लेने की धमकी दी जाने लगी। मारपीट की नौबत आने पर वहां मौजूद अन्य बड़े संतों ने बीच-बचाव कर किसी तरह माहौल शांत कराया परेड मैदान में सीएम योगी के साथ संवाद शुरू होने के बाद अखाड़ा परिषद के एक धड़े के महामंत्री और पंच निर्मोही अखाड़े के सचिव महंत राजेंद्र दास के तल्ख अंदाज ने आग में घी का काम किया। महंत राजेंद्र दास ने सीएम के सामने भूमि सुविधाओं की बात करने से पहले



अखाड़ों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा दिया। उनका कहना था कि इससे पहले अखाड़ा परिषद के जो भी अध्यक्ष रहे वह लूट-खसोट और भ्रष्टाचार में ही लिप्त रहे। उन्होंने सनातन संत परंपरा को आगे बढ़ाने के बजाय सिर्फ निजी स्वार्थ की सिद्धि की उन्होंने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि और महंत ज्ञानदास के कार्यकाल में अखाड़ों से हुई वसूली और धन की बंदरबांट का मुद्दा उठाया तो वहां मौजूद अखाड़ा परिषद के मौजूदा अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत रवींद्र पुरी (अध्यक्ष मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट) तमतमाकर खड़े हो गए। इस दौरान उनके बगल में मौजूद परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि ने उनका हाथ पकड़कर बैठा दिया और संयम बरतने की सलाह दी। इसके बाद जब सीएम का संबोधन पूरा हुआ और वह सभागार से बाहर निकलने लगे, उसी समय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महंत राजेंद्र दास और उनके गुट के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी (महानिर्वाणी) के पास पहुंच गए उनका कहना था कि किसने कितनी धनराशि महंत नरेंद्र गिरि और महंत ज्ञानदास को दी है, हिम्मत हो तो बताओ। वह धनराशि पाई-पाई चुकता कर दी जाएगी। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि सीएम की बैठक में प्रदेश भर के अफसरों की मौजूदगी में अखाड़े के शीर्ष और ब्रह्मलीन पदाधिकारियों पर इसरह के मनगढ़ंत आरोप लगाकर संत समाज की छवि धूमिल करने वालों को सबक सिखाया जाएगा। इस दौरान महंत यमुनापुरी और अन्य संत भी शोर-शराबे का हिस्सा बने रहे। अंत में महंत हरि गिरि और महंत प्रेम गिरि ने समझा बुझाकर किसी तरह दोनों गुटों के संतों को शांत कराया। हालांकि, बैठक के दौरान इस तरह की तल्खी और आरोप-प्रत्यारोप को लेकर सीएम ने भी बाद में नसीहत दी। उनका कहना था कि संतों को सोच समझ कर बोलना चाहिए, ताकि सनातन की गरिमा बनी रहे।

## प्रसाद निदेशालय शुआट्स द्वारा जनपद मिर्जापुर के चयनित पशुपालकों का सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** प्रसाद निदेशालय सुभाष द्वारा जनपद मिर्जापुर के चयनित पशुपालकों का सबमिशन



ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा घटक का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद मिर्जापुर के चयनित पशुपालकों को पशुपालन बकरी पालन मुर्गी पालन शुगर पालन बतक पालन एवं डेयरी प्रबंधन से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र पशुपालकों को संबोधित करते हुए निदेशक प्रसार डॉक्टर प्रवीण चरण ने कृषिको से खेती के साथ-साथ पशुपालन पर भी ध्यान देने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि पशुपालन एक ऐसा व्यवसाय है जिसमें पशुपालन के साथ ही आर्थिक आरंभ हो जाती है जो की खेत में नहीं होती अतः पशु पलकों को चाहिए कि वह बदलते मौसम के अनुसार अपने पशुओं का रखरखाव प्रबंधन एवं टीकाकरण पर विशेष ध्यान दें पशुपालकों को चाहिए की बरसात का मौसम शुरू होने से पूर्व किसी अच्छे पशु चिकित्सक से अपने पशुओं का टीकाकरण निश्चित रूप से करवा जिससे पशुओं में खुर पका मुंह पका लंगडी बुखार एवं परजीवों के प्रकोप से मुक्त होकर अच्छी आर्थिक आय प्रदान कराएगी उन्होंने पशु पलकों से गाय भैंस के साथ-साथ बकरी पालन मुर्गी पालन शुगर पालन बतक पालन एवं डेयरी प्रबंध आदि को भी अपने की सलाह दी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की निदेशक विकास प्रोडक्ट रीता प्रकाश दुबे ने पशुपालकों को दूध के साथ-साथ दुग्ध उत्पाद बनाकर बेचने की सलाह दी उन्होंने बताया कि दूध से कम दाम पर बिकता है एवं इसी दूध से बने दुग्ध पदार्थ जैसे दही खोवा पनीर मक्खन की इत्यादि दूध से दोगुनी से 10 गुना तक अधिक दाम पर बेच दे जा सकते हैं एवं इन्हें ध्यान पूर्वक सुनकर उन्हें अपने घर पर पशुपालन में प्रयोग करें जिससे उनकी आर्थिक आय में कई गुना वृद्धि हो सकती है उपरोक्त कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के सह प्रबंधक डॉक्टर रामपाल सिंह ने पशुपालकों को बताया कि अगर समय पर से पशुओं का टीकाकरण उचित देखभाल एवं प्रजनन में खान-पांच सुनिश्चित ढंग से किया जाए तो पशुओं को स्वास्थ्य के साथ-साथ अच्छा लाभ भी अर्जित किया जा सकता है प्रसाद निदेशालय वैज्ञानिक डॉक्टर दो सारविंदर कुमार डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह डॉक्टर योगेश चंद्र श्रीवास्तव डॉक्टर मनीष कुमार केसरवानी आदि शामिल हुए।


NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड




कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज,पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है




नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

Enjoy Publicity


# चेन्नई के एयर शो में नहीं गरजेगा मिग 21, आखिरी बार प्रयागराज में किया था अभूतपूर्व प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** खास बात यह है कि चेन्नई में आयोजित एयर शो में प्रयागराज स्थित मध्य वायु कमान मुख्यालय के कई जांबाज पॉयलट लड़ाकू विमान के माध्यम से अपना हुनर वहां दिखाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से वायुसेना ने इन जांबाज पॉयलटों के नाम अभी जारी नहीं किए हैं। चेन्नई में मंगलवार आठ अक्तूबर को मनाए जा रहे भारतीय वायुसेना के 92 वें स्थापना दिवस पर आयोजित एयर शो में राफेल, सुखोई समेत तमाम विमान अपना जलवा दिखाएंगे, लेकिन वहां मिग 21 एयर शो का हिस्सा नहीं बनेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि पिछले वर्ष आठ अक्तूबर को प्रयागराज में आयोजित एयर शो में ही इस लड़ाकू विमान को विदाई दे दी गई थी। इस वजह से देश की चौकसी में तैनात रहा मिग 21 लड़ाकू विमान वहां के आसमान नहीं दिखेगा। खास बात यह है कि चेन्नई में आयोजित एयर शो में प्रयागराज स्थित मध्य वायु कमान मुख्यालय के कई जांबाज पॉयलट लड़ाकू विमान के माध्यम से अपना हुनर वहां दिखाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से वायुसेना ने इन जांबाज पॉयलटों के नाम अभी जारी नहीं किए हैं। मंगलवार को चेन्नई के आसमान में जो विमान अपना हैरत अंगेज प्रदर्शन करेंगे उसमें ये कुछ की कंट्रोलिंग मध्य वायु कमान



मुख्यालय से की जा सकती है। विज्ञापन राफेल के साथ एएन -32, सुखोई-30, जुगआर, तेजस, अपाचे विमान प्रयागराज, ग्वालियर आदि वायु सेना स्टेशनों से चेन्नई के लिए उड़ाए जा सकते हैं। हालांकि वायुसेना की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।बता दें देश की चौकसी में पिछले कई वर्ष से तैनात मिग-21 बाइसेन को प्रयागराज में आठ अक्तूबर 23 को आयोजित एयर शो के माध्यम से विदाई दी गई थी। यह विमान जब अंतिम बार संगम के ऊपर उड़ा तो वह सूर्य अस्त होने की दिशा की ओर गया। तब यहां मिग-21 के सम्मान में राफेल विमान द्वारा उसे एस्कार्ट दिया गया भारतीय वायु सेना के एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह का प्रयागराज से रिश्ता रहा है। मध्य वायु कमान मुख्यालय में वह एयर मार्शल पद का दायित्व निभा चुके हैं। एक जुलाई 2022 से 31 जनवरी 23 तक यहां उनकी तैनाती रही। फिलहाल एयरफोर्स डे के मौके पर बमरौली स्थित मध्य वायु कमान मुख्यालय में वायु योद्धाओं की परेड कार्यक्रम का ही आयोजन इस बार किया गया है। मध्य वायु कमान मुख्यालय की बात करें तो कारगिल आदि युद्ध में इसकी अहम भूमिका रही। बिहार एवं अन्य स्थानों पर आने वाली बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्य में भी मध्य वायु कमान मुख्यालय की भूमिका रहती है। प्रयागराज में वायुसेना का ऐसा एकमात्र सेंटर है जहां बेसिक फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल (बीएफटीएस) है। बमरौली स्थित इस ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में ही हेलीकॉप्टर पॉयलटों का प्रशिक्षण होता है। यह प्रशिक्षण पांच माह का रहता है। यहां 200 से ज्यादा आर्मी एविएटर्स कोर्स हो चुके हैं। इस दौरान जवानों ने पांच महीने के दौरान कठोर उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण दिया जाता है। बता दें एचपीटी-32 विमान पर पायलटों को प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 16 दिसंबर 1987 को इसकी स्थापना हुई। यहां पांच जुलाई 1999 से भारतीय वायुसेना के फ्लाइट कैडेटों को तैयार करने के साथ भारतीय सेना, नौसेना और तटरक्षक बल के अफसरों को प्रशिक्षित करना शुरू हुआ।

# महाकुंभ में शाही स्नान का ध्वजवाहक बनेगा जूना अखाड़ा, सबसे आगे करेगा स्नान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** सीएम के साथ संवाद से पहले शाही स्नान की परंपरा में बदलाव का निर्णय लिया गया।



अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत रवींद्र पुरी ने शाही स्नान की अगुवाई जूना अखाड़े को सौंपने का एलान किया। गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर 13 जनवरी 2025 से आरंभ होने जा रहे महाकुंभ में शाही स्नान की परंपरा का ध्वजवाहक इस बार जूना अखाड़ा होगा। रविवार को परेड मैदान में सीएम योगी आदित्यनाथ की बैठक से पहले अखाड़ों में सर्व सम्मति से यह तय किया। 12 वर्ष बाद लगने वाले महाकुंभ में इस बार निरंजनी को सबसे आगे चलने का मौका दिया जाना था, लेकिन विश्व के सबसे बड़े संन्यासी पंरपरा वाले पंच दशनाम जूना अखाड़े को सबसे आगे स्नान करने की अनुमति प्रदान की गई। सीएम के साथ संवाद से पहले शाही स्नान की परंपरा में बदलाव का निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत रवींद्र पुरी ने शाही स्नान की अगुवाई जूना अखाड़े को सौंपने का एलान किया। परंपरा के अनुसार इस बार पड़ने वाले तीन शाही स्नानों में सबसे पहले देवता-निशान, अस्त्र-शस्त्र, सुसज्जित रथों, बग्घियों और अन्य तामझाम के साथ जूना अखाड़ा चलेगा। जूना अखाड़े के पीछे निरंजनी अखाड़ा और उसके बाद आनंद अखाड़े के संन्यासी संगम पर शाही स्नान के लिए पहुंचेंगे। इससे पहले सबसे आगे महानिर्वाणी अखाड़े के संन्यासी शाही स्नान के लिए निकलते थे। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि इस बार बहुमत के आधार पर विश्व के सबसे बड़े संन्यासी अखाड़े के रूप में जूना अखाड़े को महाकुंभ में शाही स्नान के ध्वज वाहक के रूप में चुना गया है। इसके बाद महानिर्वाणी अखाड़े के संत शाही स्नान के लिए निकलेंगे। उनके साथ अटल अखाड़े के संत चलेंगे। इसी तरह सबसे अंत में उदासीन परंपरा के संतों को शाही स्नान के लिए चलने का क्रम निर्दारित किया गया है। इनमें सबसे आगे कौन सी उदासीन अनी परंपरा के संत चलेंगे, इसका निर्धारण उन पर ही छोड़ दिया गया है।अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि ने बताया कि इस बार सर्व सम्मति से जूना अखाड़े को शाही स्नान की परंपरा का ध्वज वाहक बनाया गया है।

# प्रदेश के सभी जिलों में पीसीएस परीक्षा कराने की तैयारी, पेपरलीक के बाद आयोग सख्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** आरओ-एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा में पेपर लीक हो जाने की घटना के बाद निजी स्कूल-कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में आयोग को पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 के लिए पर्याप्त संख्या में केंद्र नहीं मिल रहे हैं। आयोग के सामने एक ही दिन में परीक्षा का आयोजन करा 576154 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2023 जहां प्रदेश के 51 जिलों के 1241 केंद्रों में आयोजित की गई थी और परीक्षा के लिए 565459 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। दोनों परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की संख्या में मामूली अंतर है। आयोग के सूत्रों का कहना है कि अगर प्रदेश के सभी जिलों में सरकारी और एडेड स्कूल-कॉलेजों को भी केंद्र बनाया जाता है तो एक




पाना बड़ी चुनौती है। पुलिस भर्ती और समीक्षा अधिकारी (आरओ)/ सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक की घटना के बाद शासन ने केंद्र निर्धारण के नियम इतने सख्त कर दिए हैं कि केंद्रों की अनुपलब्धता के कारण उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग अब प्रदेश के हर जिले में परीक्षा के लिए केंद्र ढूंढ़ रहा है। निजी स्कूल-कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में आयोग को पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 के लिए पर्याप्त संख्या में केंद्र नहीं मिल रहे हैं। आयोग के सामने एक ही दिन में परीक्षा का आयोजन करा पाना बड़ी चुनौती है। अगर आयोग प्रदोश के सभी 75 जिलों में केंद्रों की व्यवस्था कर लेता है तो भी एक दिन में परीक्षा करा पाना मुश्किल होगा कांस्टेबल भर्ती के लिए एक दिन में तकरीबन 4.80 लाख अभ्यर्थियों की परीक्षा कराई गई थी। जबकि, पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 के लिए दिन में परीक्षा करा पाना मुश्किल होगा। 11 फरवरी 2024 को आरओ/एआरओ प्रारंभिक-2023 प्रदेश के 58 जिलों के 2387 केंद्रों में आयोजित की गई थी। पुनर्परीक्षा 22 दिसंबर 2024 को प्रस्तावित है और इस परीक्षा के लिए 1076004 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। आयोग के सूत्रों का कहना है कि आरओ/एआरओ परीक्षा के लिए भी प्रदेश के सभी जिलों में केंद्र बनाए जाने की योजना है। हालांकि, इसके बाद भी परीक्षा एक दिन में नहीं हो सकेगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से रविवार को लखनऊ में यूनानी चिकित्साधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा-2023 का आयोजन किया गया। परीक्षा के लिए कुल 2261 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 62.18 फीसदी परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। परीक्षा लखनऊ स्थित यूपीपीएससी के कैंप कार्यालय के चार केंद्र में सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक आयोजित की गई।

# रसूलाबाद में पति-पत्नी ने फांसी लगा कर दी जान, रात ही पति के साथ मायके आई थी महिला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** युवती मूल रूप से शिवकुटी की रहने वाली थी और सोमवार रात पति के साथ मायके ली। मृतकों की पहचना भगवान दास (24) और उसकी पत्नी लक्ष्मी (20) के रूप में हुई है। युवती मूल रूप से शिवकुटी की रहने वाली थी और



आई थी। युवक मूल रूप से जुगनूडीह बहरिया का रहने वाला था। पुलिस मौके पर पहुंची है। फिलहाल कमरे की तलाशी में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शिवकुटी के रसूलाबाद में पति-पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर सोमवार रात पति के साथ मायके आई थी। युवक मूल रूप से जुगनूडीह बहरिया का रहने वाला था। पुलिस मौके पर पहुंची है। फिलहाल कमरे की तलाशी में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवक निजी वाहन चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था।

# सीता बन कर गर्व का हुआ अनुभव- रचना त्रिवेदी



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** कटरा रामलीला कमेटी की तरफ से निकाली गई राम बारात की भव्य यात्रा जिसमें सीता का किरदार निभाया पत्रकार रचना त्रिवेदी ने यह राम जी की बारात निकली भारद्वाज आश्रम से लेकर पूरे कटरा चौक की मार्किट से घूमते हुए पूरे प्रयागराज में घूमते हुए वापस कटरा रामलीला कमेटी पहुंची बड़ी ही शांति बड़ी ही सौम्यता के साथ यह राम बारात की यात्रा संपन्न हुई सभी भक्तगणों ने सभी किरदारों की पूजा अर्चना की एवं भेंट अर्पित की।

आधुनिक
गेस्ट हाउस
• वाटर प्रूफ शेड
• पार्किंग की सुविधा
• मन्दिर की सुविधा
• सी.सी.टीवी.
• छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
• 45000 sq. feet. एरिया
• हरे-भरे वातावरण
• AC कमरा (VIP)
CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710
आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज











DURGAWATI INTERNATIONAL SCHOOL & COLLEGE
URGENT REQUIREMENT
TRAINED & EXPERIENCED TEACHERS
FOR CLASSES VI to XII
SUBJECTS - ENGLISH, MATHS, S.ST , SCIENCE & COMPUTER
RESIDENCE FACILITY ALSO AVAILABLE FOR TEACHERS
Walk in Interview on 23-06-2024
Interested Candidates can send their Resume on the given contacts
Candidate should hold fluent English Communication Skill along with the qualified degrees
For more details Contact on: 7505561664, 9415017879





# भारत

## संक्षिप्त समाचार

### ओला इलेक्ट्रिक पर ण्ण्ईं की कार्रवाई, उपभोक्ता अधिकारों के कथित उल्लंघन और भ्रामक विज्ञापनों के लिए नोटिस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने ग्राहक अधिकार उल्लंघन के लिए ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, कंपनी ने मंगलवार को एक फाइलिंग में एक्सचेंज को सूचित किया। प्राधिकरण द्वारा नोटिस उपभोक्ता अधिकारों के कथित उल्लंघन, भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने के लिए जारी किया गया है। कथित तौर पर नोटिस विभिन्न उपभोक्ता शिकायतों और चिंताओं को संबोधित करता है, हालांकि विशिष्ट आरोपों का विवरण अज्ञात है। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में, नोटिस मिलने की बात को स्वीकार किया और कहा, ठकंपनी केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के समक्ष कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल करेगी। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि कारण बताओ नोटिस का उसके वित्तीय, परिचालन या अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर कोई तत्काल प्रभाव नहीं पड़ता है। विशेष रूप से, ण्ण्ईं द्वारा जारी नोटिस इस स्तर पर कोई दंड या वित्तीय जुर्माना नहीं लगाता है। कंपनी ने जोर देकर कहा कि वह नियामक निकाय के साथ सहयोग करेगी और उठाए गए मुद्दों को हल करने के लिए आवश्यक स्पष्टीकरण प्रदान करेगी।ण्ण्ईं के नोटिस को उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए प्राधिकरण द्वारा उठाया गया एक औपचारिक कदम माना जाता है। चूंकि कंपनीं का जवाब देने की तैयारी कर रही है, इसलिए उद्योग और उपभोक्ता इस विनियामक जांच के परिणाम पर बारीकी से नजर रखेंगे। भारत के उभरते इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी ओला इलेक्ट्रिक लगातार सुर्खियों में बनी हुई है क्योंकि यह बढ़ती चुनौतियों के बीच अपनी बाजार स्थिति को बनाए रखना चाहती है।

## कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र को ईडी का समन, पार्टी ने कहा- यह भाजपा की प्रतिशोध-उत्पीड़न की राजनीति


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस कभी भी चुप नहीं रहेगी। 19 अगस्त को कीशम मेघचंद्र ने राज्य की स्थिति पर बात



की। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियों द्वारा राज्य में शांति स्थापित करने के लिए रोडमैप प्रदान करने की अपील को नजरअंदाज किया गया।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मणिपुर में कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र को समन भेजा है। ईडी के समन पर कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए इसे प्रतिशोध, उत्पीड़न और बदले की राजनीति बताया। कांग्रेस ने बताया कि कीशम मेघचंद्र को मणिपुर हिंसा को लेकर लगातार बोलने के बाद ईडी का समन मिला है। मणिपुर कांग्रेस के प्रवक्ता निंगोम्बन भूपेंद्र मैतेई ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर हिंसा को लेकर सच बोलने के लिए मेघचंद्र को खामोश किया जा रहा है। मेघचंद्र मे ईडी के समन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ठमैं बहुत हैरान हूं। आज मुझे ईडी का समन मिला। इसे देखकर मैं हैरान और भ्रमित हूं कि ईडी का समन क्यों भेजा गया है।ठ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रवक्ता निंगोम्बन भूपेंद्र मैतेई ने कहा, कीशम मेघचंद्र को मोदी सरकार और उनकी एजेंसी मणिपुर के लोगों के लिए सच बोलने से रोक नहीं सकती है। हम इसके लिए अदालत में न्यायिक रूप से लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि वे ईडी के समन को अदालत में चुनौती देंगे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पहले कहा था कि मेघचंद्र को ईडी का समन मिला था। उन्होंने कहा कि मेघचंद्र मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बोल रहे थे।रमेश ने कहा, मई 2023 से मणिपुर को नष्ट करने में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मणिपुर के सीएम की भूमिका के खिलाफ मणिपुर कांग्रेस के अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र बिना डरे बात कर रहे थे। ईडी का समन केवल केंद्रीय सरकार की असफलताओं को छिपाना है। रमेश ने कहा, जो डरते हैं उन्हें डराया जाता हैकांग्रेस कभी भी चुप नहीं रहेगी। 19 अगस्त को कीशम मेघचंद्र ने राज्य की स्थिति पर बात की। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियों द्वारा राज्य में शांति स्थापित करने के लिए रोडमैप प्रदान करने की अपील को नजरअंदाज किया गया। जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर में विपक्षी पार्टियां पीएम मोदी से राज्य का दौरा करने की अपील करती रही, लेकिन उन्होंने 15 महीनों में एक बार भी दौरा नहीं किया।

## आइए आत्मनिर्भर वायुसेना की दिशा में कोशिश जारी रखें आईएएफ की 92वीं वर्षगांठ पर वायुसेना प्रमुख

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने भारतीय वायुसेना के 92वें वार्षिक दिवस समारोह के अवसर पर तांबरम स्थित वायुसेना स्टेशन पर परेड



की समीक्षा की। भारत में आज यानी 8 अक्तूबर को वायुसेना दिवस मनाया जा रहा है, ताकि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलों और उसके पायलटों को सम्मानित किया जा सके। इस मौके पर अलग-अलग जगहों पर वायुसेना विभिन्न कार्यक्रम कर जश्न मना रही है। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने तांबरम स्थित वायुसेना स्टेशन पर पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि अचानक किसी भी संकट से निपटने के लिए हमें तैयार रहने की जरूरत है। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) से मौजूदा और आने वाली जरूरतों को पूरा करने के लिए इसे फिर से संगठित करने का आह्वान किया क्योंकि वैश्विक सुरक्षा वातावरण लगातार बदलाव की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायुसेना की जरूरत को दर्शाया है। इसलिए, वायुसेना को अचानक हमारे राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी स्थिती से निपटने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है।मार्शल सिंह ने भारतीय वायुसेना के 92वें वार्षिक दिवस समारोह के अवसर पर तांबरम स्थित वायुसेना स्टेशन पर परेड की समीक्षा की। उसके बाद उन्होंने कहा, 'लीक से हटकर सोचने के साथ-साथ नई तकनीकी को अपनाना आज के बहु-क्षेत्रीय माहौल में निर्णायक भूमिका निभाएगा।' वायु सेना प्रमुख ने जांबाजों से कहा कि आइए हम एक मजबूत, अधिक सक्षम और पूरी तरह से आत्मनिर्भर वायुसेना की दिशा में प्रयास करना जारी रखें।

## तांबरम स्टेशन पर बिगड़ी वायुसेना के जवान की तबीयत; मनाया जा रहा था 92वीं वर्षगांठ का जश्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना अमेरिका, चीन और रूस के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वायु सेना है। इसकी आधिकारिक स्थापना 8 अक्तूबर, 1932 को हुई दी हैं। वहीं, चेन्नई में जश्न के दौरान एक जवान बेहोश हो गया। भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायुसेना के जवानों को बधाई दी है। उन्होंने अपने आधिकारिक




थी। तब से यह दिन पूरे देश में वायुसेना के ठिकानों पर एयर शो और परेड के साथ मनाया जाता है। भारत में आज यानी 8 अक्तूबर को वायुसेना दिवस मनाया जा रहा है, ताकि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलों और उसके पायलटों को सम्मानित किया जा सके। इस मौके पर अलग-अलग जगहों पर वायुसेना विभिन्न कार्यक्रम कर जश्न मना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायुसेना दिवस पर जवानों को बधाई और शुभकामनाएं एक्स एकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि हमारे बहादुर वायु योद्धाओं को वायु सेना दिवस की शुभकामनाएं। हमारी वायु सेना उनके साहस और व्यावसायिकता के लिए प्रशंसित है। हमारे राष्ट्र की रक्षा में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय है।वहीं, मंगलवार को जब चेन्नई के तांबरम वायु सेना स्टेशन पर भारतीय वायु सेना अपनी 92वीं वर्षगांठ का जश्न मना रही थी, तभी वहां वायु सेना का एक जवान बेहोश हो गया।

## कमलनयन बजाज हॉल की निदेशक सुनैना केजरीवाल का निधन, तीन साल से कैंसर से जूझ रही थीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुनैना को कला का शौक था। उन्हें मिट्टी के बर्तन बनाने, घूमने और थिएटर में भी दिलचस्पी थी। उन्होंने पुणे के एसएनडीटी कॉलेज से ग्रेजुएशन की और फिर मुंबई के सोफिया कॉलेज में एक साल सिल्क स्क्रीन प्रिंटिंग कोर्स किया। कमलनयन बजाज हॉल एंड आर्ट गैलरी की निदेशक सुनैना केजरीवाल का शनिवार को मुंबई में निधन हो गया। वह पिछले तीन साल से कैंसर से जूझ रही थी। 53 वर्षीय सुनैना उद्योगपति राहुल बजाज की बेटी थी। सुनैना के दो भाई राजीव और संजीव बजाज हैं। वे पुणे में रहते हैं। सुनैना अपने पीछे अपने पति और दो बेटों को छोड़कर गई। उनके पति मनीष केजरीवाल केदारा कैपिटल के संस्थापक और प्रबंध साझेदार हैं। उनका एक बेटा आर्यमन कोलंबिया



यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस और इकोनॉमिक्स की पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि दूसरा बेटा निर्वाण बॉम्बे इंटरनेशनल स्कूल में सातवीं के छात्र हैं। सुनैना को कला का शौक था। उन्हें मिट्टी के बर्तन बनाने, घूमने और थिएटर में भी दिलचस्पी थी। उन्होंने पुणे के एसएनडीटी कॉलेज से ग्रेजुएशन की और फिर मुंबई के सोफिया कॉलेज में एक साल सिल्क स्क्रीन प्रिंटिंग कोर्स किया। सुनैना ने द हिस्ट्री ऑफ इंडियन आर्ट मॉर्डर्न एंड कंटेम्पोरेरी एंड क्यूरेटोरियल स्टडीज में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा की डिग्री हासिल की। कमलनयन बजाज की निदेशक होने के अलावा वह वाईपीओ और ईओ प्लेटिनम की एक सक्रिय सदस्य थीं। बता दें कि बजाज परिवार महात्मा गांधी के स्वतंत्रता संग्राम में निकटता से जुड़ा था। उन्होंने जमनालाल बजाज फाउंडेशन के माध्यम से मानव प्रेम को कायम रखा। संगठन ने कई विरासत स्थलों को पुनर्निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें भाऊ दाजी लाड संग्राहलय इनकी उल्लेखनीय प्रोजेक्ट में से एक है।

## हर्षवर्द्धन की उम्मीदवारी को लेकर शरद पवार की घोषणा से पार्टी में असंतोष, फैसला वापस लेने की मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हर्षवर्द्धन पाटिल को उनके गृहनगर इंदापुर से टिकट मिलने की संभावना है। यह सीट लेकर शरद पवार की घोषणा ने पार्टी के एक वर्ग को नाराज कर दिया। राकांपा-एसपी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर इस निर्णय पर पाटिल को उनके गृहनगर इंदापुर से टिकट मिलने की संभावना है। यह सीट फिलहाल अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के पास है। सोमवार



फिलहाल अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के पास है। राकांपा-एसपी के स्थानीय कार्यकर्ता प्रवीण माने, अप्पासाहेब जगदले, भरत साह और तीन अन्य उम्मीदवार इंदापुर से टिकट की उम्मीद कर रहे थे। महाराष्ट्र में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। चुनाव से पहले ही राकांपा-एसपी के नेताओं में असंतोष फैल गया। दरअसल, हर्षवर्द्धन पाटिल की उम्मीदवारी को दोबारा विचार नहीं किया गया पुणे जिले के इंदापुर में पार्टी रैंक को लेकर झड़प होगी। उन्होंने हर्षवर्धन की उम्मीदवारी को वापस लेने की मांग भी की। राकांपा नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विरोधी हर्षवर्द्धन पाटिल सोमवार को भाजपा से राकांपा-एसपी में शामिल हो गए। पूर्व राज्य मंत्री को शरद पवार की उपस्थिति में राकांपा-एसपी में शामिल किया गया। हर्षवर्द्धन को एक सभा को संबोधित करते हुए शरद पवार ने पाटिल को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने लोगों से पाटिल को विधानसभा में भेजने की अपील की। पाटिल की उम्मीदवारी को लेकर शरद पवार के समर्थन से राकांपा-एसपी के स्थानीय कार्यकर्ताओं में असंतोष फैल गया। बता दें कि अभी तक किसी भी पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। राकांपा-एसपी के स्थानीय कार्यकर्ता प्रवीण माने, अप्पासाहेब जगदले, भरत साह और तीन अन्य उम्मीदवार इंदापुर से टिकट की उम्मीद कर रहे थे। उन्होंने सवाल किया कि सुप्रिया सुले के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उनके कार्यों और ईमारदारी को देखने के बावजूद उन्हें नजरअंदाज क्यों किया जा रहा है? बता दें कि शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले जून में पुणे जिले के बारामती से लगातार चौथी बार चुनी गईं। पाटिल की उम्मीदवारी की घोषणा को लेकर शरद पवार के बयान के बाद अप्पासाहेब जगदले ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि लोगों की भावनाओं को जानने के लिए वे 11 अक्तूबर को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक का आयोजन करेंगे। पाटिल का नाम लिए बिना जगदले ने उनकी उम्मीदवारी रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर यह निर्णय नहीं लिया गया तो इंदापुर में पार्टी रैंक के भीतर झड़प होगी। पार्टी कार्यकर्ताओं के एक वर्ग में बढ़ते असंतोष के बारे में पूछे जाने पर सुप्रिया सुले ने कहा कि जो लोग निराश हैं, उनकी चिंताओं को दूर करना उनकी (सुले) जिम्मेदारी हैं।

## एशियाई विकास बैंक ने महाराष्ट्र में तटीय संरक्षण के लिए 42 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी, ये है लक्ष्य

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**एशियाई विकास बैंक ने महाराष्ट्र में तटीय संरक्षण के लिए 42 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी, ये है लक्ष्यएशियाई विकास बैंक ( एडीबी ) ने महाराष्ट्र में तटीय और नदी तट संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए 42 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण को मंजूरी दी है । एडीबी



के एक आधिकारिक बयान के अनुसार , स्वीकृत ऋण स्थानीय समुदायों और प्राकृतिक संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्रों के लचीलेपन को बढ़ाने में मदद करेगा।एडीबी ने कहा कि महाराष्ट्र में इस ऋण के इस्तेमाल से सतत जलवायु-लचीलेपन के लिए तटीय संरक्षण और प्रबंधन परियोजना के तहत अपतटीय चट्टानें, शीट पाइल्स, समुद्र तट पोषण और वनस्पति रोपण जैसे काम किए जाएंगे ताकि समुद्र तट की स्थिति को बहाल और स्थिर रखा जा सके।एडीबी जल संसाधन विशेषज्ञ मैरी एल'होस्टिस ने कहा, ठयह परियोजना अपतटीय रीफ निर्माण और चट्टान संरक्षण कार्यों जैसे नए इंजीनियरिंग हाइब्रिड दृष्टिकोणों को अपनाने के लाभों से संबंधित है।

## भारतीय जलाशयों का जलस्तर पिछले साल की तुलना में बेहतर, सामान्य जल संग्रहण से 14 फीसदी की वृद्धि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के बुलेटिन में कहा गया है कि देशभर में 86 जलाशय ऐसे हैं, जिनकी पिछले वर्ष की तुलना में जल संग्रहण क्षमता का स्तर बढ़ा है और 123 जलाशय अपनी सामान्य क्षमता से अधिक जल संग्रहण कर रहे हैं। 2024 के आंकड़े पिछले वर्ष के स्तर की तुलना में 18 फीसदी अधिक हैं। यह सामान्य जल संग्रहण से 14 फीसदी वृद्धि दर्शाते हैं। भारत के जलाशयों का जलस्तर पिछले साल की तुलना में बेहतर रहा है। हालांकि, उत्तरी क्षेत्र में इसके स्तर में गिरावट आई है। कुल 155 जलाशयों में कुल क्षमता का 88 फीसदी पानी भरा हुआ है, जो कि सामान्य जल संग्रहण स्तर से 14 फीसदी अधिक है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के भंडारण स्तर 134.056 बीसीएम और सामान्य 10 साल के औसत भंडारण 139.114 बीसीएम की तुलना में एक उल्लेखनीय सुधार है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के बुलेटिन में कहा गया है कि देशभर में 86 जलाशय ऐसे हैं, जिनकी पिछले वर्ष की तुलना में जल संग्रहण क्षमता का स्तर बढ़ा है और 123 जलाशय अपनी सामान्य क्षमता से अधिक जल संग्रहण कर रहे हैं। 2024 के



आंकड़े पिछले वर्ष के स्तर की तुलना में 18 फीसदी अधिक हैं। यह सामान्य जल संग्रहण से 14 फीसदी वृद्धि दर्शाते हैं। हालांकि, देशभर में जल संग्रहण स्तर अधिक होने के बाजवूद क्षेत्रीय भिन्नताएं हैं। पश्चिमी क्षेत्र ने सबसे मजबूत जल संग्रहण के आंकड़े दर्ज किए हैं। यहां कुल जल संग्रहण क्षमता का 97 फीसदी पहले ही भर चुका है। यह पिछले वर्ष के 89 फीसदी से काफी अधिक है। इस क्षेत्र में गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा शामिल हैं। केंद्र क्षेत्र जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ शामिल हैं, यहां जलाशयों में जल संग्रहण क्षमता का स्तर घटा है। पूर्वी क्षेत्र जिसमें असम, ओडिशा और बिहार जैसे राज्य शामिल हैं। यहां जल संग्रहण क्षमता का स्तर 86 फीसदी दर्ज किया गया है, जो कि पिछले वर्ष के 77 फीसदी से अधिक है।2023 में भारत सहित दुनियाभर की प्रमुख नदियों का जलस्तर 33 वर्ष बाद सबसे कम रहा। इसकी वजह से टकराव की घटनाएं भी बढ़ रही हैं, जो चिंताजनक है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की स्टेट ऑफ ग्लोबल वॉटर रिसोर्सेज नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में अधिकतर नदियों का जल स्तर सामान्य से कहीं बहुत अधिक कम रहा। 2021 और 2022 की तरह ही पिछले साल दुनिया की 50 फीसदी से अधिक नदी क्षेत्रों में स्थिति असामान्य रही। एशिया और ओशिनिया में भी गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेकांग नदी के अधिकतर क्षेत्रों में सामान्य से कम पानी देखा गया। जैसे-जैसे आने वाले दशकों में ग्लेशियर और बर्फ की चादरें घटती जाएंगी सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी प्रमुख हिमालयी नदियों पर इसका सीधा विपरीत प्रभाव दिखाई देगा। उनका प्रवाह कम हो जाएगा। गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु सहित दस प्रमुख नदियां हिमालयीन क्षेत्र से निकलती हैं और इसके जलक्षेत्र में लगभग एक अरब 30 करोड़ लोगों की जरूरतें पूरी होती हैं। गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना नदी डेल्टा लगातार एशिया का सबसे असुरक्षित डेल्टा बना हुआ है।

## टमाटर 100 के पार, आलू, प्याज, लहसुन, धनिया व खीरे ने भी बिगाड़ा आम आदमी का बजट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टमाटर के दाम उत्तर प्रदेश के नोएडा, लखनऊ?व प्रयागराज सहित अन्य बाजारों में 100 से 120 रुपये किलो पहुंच गए हैं। मुंबई में भी यह 120 रुपये के आसपास बिक रहा है। इत्योहार शुरू होते ही सब्जियों और फलों के दाम आसमान छूने लगे हैं। सबसे चौंकाने वाला भाव टमाटर का है। 50 रुपये किलो तो गोभी 80 रुपये किलो है। गाजर 40 रुपये, खीरा 40 रुपये और परवल 60 रुपये किलो बिक रहा है। लहसुन 350 रुपये किलो और अदरक 200 रुपये किलो है। हालांकि, दालों के दाम लंबे समय से स्थिर हैं।बेमौसम बारिश और वायरस के हमले से नासिक के आसपास के प्रमुख कृषि क्षेत्रों में टमाटर की फसल नुकसान



यह अब 100 रुपये प्रति किलोग्राम के पार हो गया है। कुछ बाजारों में यह 120 रुपये तक बिक रहा है। पिछले कुछ दिनों से सब्जियों के दाम भी अचानक बढ़ने लगे हैं।टमाटर के दाम उत्तर प्रदेश के नोएडा, लखनऊ?व प्रयागराज सहित अन्य बाजारों में 100 से 120 रुपये किलो पहुंच गए हैं। मुंबई में भी यह 120 रुपये के आसपास बिक रहा है। दूसरी ओर, आलू जहां 40 रुपये किलो है, प्याज के दाम 60-70 रुपये किलो हो गए हैं। तुरई 70 रुपये और धनिया 200 रुपये किलो बिक रही है।खुदरा व्यापारियों के अनुसार, मुख्य रूप से टमाटर, आलू और प्याज काफी महंगे हैं। हालांकि, अन्य सब्जियों में लौकी हुई है। इससे आपूर्ति घट गई है। इस वजह से एक हफ्ते में ही कीमत ज्यादा बढ़ गई है। नासिक के किसानों के मुताबिक, टमाटर का 20 किलोग्राम का कैरेट अब कृषि बाजारों में 1,500 रुपये से 1,600 रुपये हो गया है। इससे खुदरा कीमतें 100 रुपये से 120 रुपये प्रति किलो तक हो गई हैं। अभी तक सस्ते दर पर मिल रहे भारत ब्रांड आटा, दाल और चावल भी त्योहारी सीजन में महंगे हो सकते हैं।?रिपोर्ट के अनुसार, जल्द ही इनकी बिक्री शुरू होगी। 10 किलो आटे के दाम अब 300 रुपये होंगे, जो पहले 275 रुपये था। 10 किलो चावल का भाव 320 रुपये हो जाएगा जो पहले 295 रुपये था।

## कर्नाटक के पूर्व विधायक बावा का भाई फाल्गुनी नदी में कूदा, 12 घंटे की तलाश के बाद शव बरामद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बी एम मुमताज अली रविवार सुबह से लापता बताए जा रहे थे और उनकी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार कुलूर पुल के पास लावारिस हालत में मिली थी। बताया जा रहा है कि उन्होंने कुलूर ब्रिज के पास नदी में छलांग लगा दी थी। इसके बाद वे लापता हो गए थे। कर्नाटक के पूर्व विधायक मोइद्दीन बावा के छोटे भाई बी एम मुमताज अली (52) का शव 12 घंटे की तलाश के बाद सोमवार को फाल्गुनी नदी के मुहाने से बरामद हुआ। अली रविवार सुबह से लापता बताए जा रहे थे और उनकी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार कुलूर पुल के पास लावारिस हालत में मिली थी। बताया जा रहा है कि उन्होंने कुलूर ब्रिज के पास नदी में छलांग लगा दी थी। इसके बाद वे लापता हो गए थे। पुलिस के अनुसार, अली की खोज का अभियान सुबह 6 बजे फिर से शुरू किया गया था। उनका शव लगभग 10.15 बजे शव मिला। अली एक प्रमुख व्यवसायी हैं और मिस्बाह ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष हैं। पुलिस के अनुसार, वह रविवार सुबह करीब 3 बजे अपने वाहन से अपने घर से निकले और सुबह करीब 5 बजे कुल्लूर ब्रिज के पास गाड़ी पार्क की। एक अधिकारी ने कहा, शव का पता लगाने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अग्निशमन विभाग की टीमों को तैनात किया गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।अली ने रविवार को लगभग 3:00 बजे एक ऑडियो संदेश रिकॉर्ड कर उन व्यक्तियों का नामों का खुलासा किया था, जो उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। यह संदेश परिवार के कई सदस्यों और दोस्तों को भेजा गया था। उनकी बेटी ने पुलिस में उनकी गुमशुदगी की शिकायत दी। पुलिस ने कहा कि उनके लापता होने के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया। शिकायत के आधारपर एक महिला सहित 6 आरोपियों के खिलाफ कवूर पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई। यह एफआईआर उन्हें ब्लैकमेल करने और अली से लाखों रुपये की उगाही की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पिछले कुछ महीनों से अली को कुछ सेक्स वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल किया जा रहा था। उन्होंने कहा, लोग उन्हें पैसे देने या उनके वीडियो जारी करने की धमकी दे रहे थे। बताया गया है कि अली से अब तक 50 लाख रुपये की उगाही की जा चुकी थी। उन पर और अधिक पैसे देने का दबाव डाला गया। परिवार के सदस्यों ने गिरोह के 6 लोगों के नाम उजागर किए हैं।

# स्पोर्ट्स



## दूसरे टी20 मुकाबले के लिए दिल्ली पहुंची भारतीय टीम, एयरपोर्ट पर प्रशंसकों ने किया स्वागत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम की नजरें बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले दूसरे मुकाबले को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले दूसरे मुकाबले को जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। माना बल्लेबाजी की जिससे भारतीय टीम ने 11.5 ओवर में तीन विकेट पर 132 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। भारत के लिए सबसे



जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। माना जा रहा है कि दोनों टीमों के बीच दिल्ली में हाई स्कोरिंग मुकाबला देखने मिलेगा। बांग्लादेश के खिलाफ ग्वालियर में खेले गए पहले मुकाबले को जीतने के बाद सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम सोमवार को नई दिल्ली पहुंच गई। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर वहां मौजूद प्रशंसकों ने भारतीय टीम के खिलाड़ियों का स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलकर भारतीय टीम के सदस्य होटल रवाना हो गए। भारतीय टीम की नजरें बुधवार को जा रहा है कि दोनों टीमों के बीच दिल्ली में हाई स्कोरिंग मुकाबला देखने मिलेगा। भारतीय टीम ने ग्वालियर में खेला गया पहला मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर पहले ही 1-0 की बढ़त बना ली है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मुकाबले में बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारत ने बांग्लादेश को 19.5 ओवर में 127 रन पर रोका। इसके बाद अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और कप्तान सूर्यकुमार ने ताबड़तोड़ ज्यादा रन हार्दिक ने बनाए जो 16 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से अर्शदीप और वरुण ने तीन-तीन विकेट लिए और अर्शदीप को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, रियान पराग, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा।

## डेब्यू करने वाले मयंक और नीतीश ने कप्तान सूर्यकुमार की तारीफ में पढ़े कसीदे, जानें क्या कहा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत ने ग्वालियर में खेले गए पहले टी20 में बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत में कई भारतीय खिलाड़ियों का योगदान रहा। हालांकि, से बांग्लादेशी बल्लेबाजों को परेशान किया, वहीं नीतीश ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए मैच को फिनिश किया और नाबाद रहे। नीतीश ने भी 15 गेंदों पर नाबाद 16 रन बनाकर अपना प्रभाव छोड़ा। मयंक






गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 127 रन के कम स्कोर पर समेट दिया। इस मैच में टीम इंडिया के लिए मयंक यादव और नीतीश कुमार रेड्डी ने डेब्यू किया। दोनों मैच से पहले थोड़ा नर्वस थे, लेकिन उन्होंने कहा कि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लगातार उनका हौसला बढ़ाया जिससे उन्हें शांत बने रहने में मदद मिली। मयंक और नीतीश दोनों 21 साल के हैं और उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छा प्रभाव छोड़ा। मयंक ने जहां अपनी गति ने अंतरराष्ट्रीय करियर का अपना पहला ओवर मेडन डाला। उन्होंने इस साल आईपीएल में अपनी रफ्तार से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा था, लेकिन पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह इस टूर्नामेंट में केवल चार मैच ही खेल पाए थे। उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। मयंक ने बीसीसीआई टीवी से कहा, 'सूर्यकुमार आपको पूरी आजादी देते हैं। जब मैं रन अप पर जा रहा था तो उन्होंने मुझसे कहा कि वही करो जो तुम्हें अच्छा लगता है। यह किसी भी तेज गेंदबाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। खासतौर पर तब जबकि आप अपना पहला मैच खेल रहे हों।' नीतीश ने भी सूर्यकुमार की जमकर तारीफ करते हुए कहा, 'वह बहुत शांत कप्तान हैं। वह बहुत अच्छी कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने हम पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं बनने दिया। हम अपना पहला मैच खेल रहे थे और थोड़ा नर्वस थे लेकिन उन्होंने हमें खुलकर खेलने की छूट दी। कोई भी खिलाड़ी अपने कप्तान से यही चाहता है।' मयंक चार महीने तक बाहर रहने के बाद अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने से पहले भावुक हो गए थे। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए यादगार पल था। जब मुझे पता चला कि मैं पदार्पण करने जा रहा हूं तो पिछले चार महीनों का पूरा परिदृश्य मेरी आंखों के सामने आ गया।' इस तेज गेंदबाज ने मेडन ओवर के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की और अपनी गेंदबाजी में सुधार करने का श्रेय गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल को दिया। मयंक ने कहा, 'मैं ऐसा नहीं सोच रहा था कि मैं पहला ओवर डालूंगा। बस उस पल को जीना चाहता था, उस पल का आनंद लेना चाहता था।

## भारतीय टीम से मुझे पूरी उम्मीद है', पीसीबी अध्यक्ष नकवी को भारत के पाकिस्तान आने का भरोसा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पीसीबी अध्यक्ष नकवी को भले ही भारतीय टीम के पाकिस्तान की यात्रा करने की उम्मीद है, लेकिन भारतीय क्रिकेट है। इन सब चीजों के बावजूद नकवी ने कहा कि वह इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं जिसमें भारत भी शामिल है। नकवी



कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारत सरकार की मंजूरी पर निर्भर है। हाल ही में भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दौरान बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा था कि बोर्ड इस मामले में सरकार के निर्णय को देखेगी और उसका पालन करेगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने उम्मीद जताई है कि भारत अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेगा। मोहसिन ने लाहौर में प्रेस वार्ता के दौरान यह बयान दिया। मालूम हो कि भारत ने जुलाई 2008 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। यहां तक कि दोनों टीमों के बीच द्विपक्षीय सीरीज भी अब नहीं खेली जाती ने कहा कि इसके लिए तैयारियां अच्छी चल रही हैं। नकवी ने कहा कि फरवरी में टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सभी स्टेडियम की स्थिति अच्छी हो जाएगी। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। नकवी ने कहा, भारतीय टीम से मुझे पूरी उम्मीद है। अभी तक कोई ऐसी चीज नहीं है जिसकी वजह से वो स्थगित करें या रद्द करें। तो सारी टीमें आएंगी, भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए आएगी। स्टेडियम भी समय से मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार हो जाएंगे और कोई भी बचा हुआ काम टूर्नामेंट के बाद पूरा हो जाएगा। बीसीसीआई सरकार की मंजूरी पर निर्भर पीसीबी अध्यक्ष नकवी को भले ही भारतीय टीम के पाकिस्तान की यात्रा करने की उम्मीद है, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारत सरकार की मंजूरी पर निर्भर है। हाल ही में भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दौरान बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा था कि बोर्ड इस मामले में सरकार के निर्णय को देखेगी और उसका पालन करेगी। शुक्ला ने कहा था, फिलहाल इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दौरे के लिए हमारी नीति रही है कि हम हमेशा सरकार की मंजूरी लेते हैं। इसका फैसला सरकार करती है कि हमारी टीम को किसी देश जाना है या नहीं। इस मामले में भी जो भी सरकार फैसले लेगी हम वैसा ही करेंगे।ऐसी चर्चा चल रही है कि बीसीसीआई आईसीसी से चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान के बजाय श्रीलंका या दुबई में कराने की मांग कर सकता है। पिछले साल वनडे विश्व कप से पहले एशिया कप का आयोजन हाईब्रिड मॉडल के तहत हुआ था जिसमें भारत ने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। श्रीलंका ने इस तरह एशिया कप के नौ मैचों की मेजबानी की थी, जबकि पाकिस्तान सिर्फ चार मैच ही आयोजित कर सका था। दूसरी तरफ, पीसीबी इस टूर्नामेंट को देश के बाहर कराए जाने के खिलाफ है।

## अपनी गति को लेकर अवगत हैं मयंक यादव, बोले- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतरता जरूरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मयंक को लंबे समय से भारत के लिए खेलने का इंतजार था और उनका यह सपना रविवार को पूरा हुआ। मयंक ने भी इसे यादगार बनाने में देर नहीं की और को लंबे समय से भारत के लिए खेलने का इंतजार था और उनका यह सपना रविवार को पूरा हुआ। मयंक ने भी इसे यादगार बनाने में देर नहीं की और अपने करियर की आठवीं गेंद पर पहला टी20



अपने करियर की आठवीं गेंद पर पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट चटकाया। बांग्लादेश के खिलाफ ग्वालियर में पहले टी20 मुकाबले से अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने वाले मयंक यादव को इस बात का अहसास है कि उन्हें पहचान गति के कारण मिली है। मयंक का कहनै है कि तेज गति ने हमेशा उन्हें प्रभावित किया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिटनेस के बीच वह सिर्फ निरंतरता से ही आगे बढ़ सकते हैं। मयंक ने भारत के लिए अपने पहले टी20 मैच में भी प्रभावित किया और चार ओवर के स्पैल में 21 रन देकर एक विकेट लिए जिसमें एक मेडन ओवर भी शामिल है। 22 वर्षीय मयंक अंतरराष्ट्रीय विकेट चटकाया। बांग्लादेश के बल्लेबाज महमूदुल्लाह मयंक का पहला शिकार बने जो एक रन बनाकर आउट हुए। मयंक को पहला विकेट मिलते ही कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उन्हें गले लगा लिया। मयंक ने कहा, मैं उत्साहित था लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं थोड़ा नर्वस भी था क्योंकि मैं चोट से उबरने कर लगभग तीन-चार महीने बाद वापसी कर रहा था। मुझे प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के ज्यादा मौके नहीं मिले थे और फिर अचानक मुझे मौका मिला। मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण कर रहा था इसलिए थोड़ा घबराया हुआ था। मेरी गति हमेशा मेरे दिमाग में रहती है।

## श्रीलंका क्रिकेट ने लिया बड़ा फैसला, इस दिग्गज को बनाया मुख्य कोच, बतौर खिलाड़ी बना चुके कई रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पूर्णकालिक कोच के रूप में जयसूर्या की पहली जिम्मेदारी वेस्टइंडीज के खिलाफ



टी20 और वनडे सीरीज होगी, जो 13 अक्तूबर से शुरू होगी। श्रीलंका क्रिकेट ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सनथ जयसूर्या को टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। जयसूर्या पिछले कुछ समय से टीम के साथ ही हैं, लेकिन वह अंतरिम कोच के तौर पर जुड़े थे। हालांकि, उनकी नियुक्ति के बाद टीम के बेहतरीन प्रदर्शन से खुश श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें स्थायी भूमिका दी है। श्रीलंका क्रिकेट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की।श्रीलंका क्रिकेट ने लिखा- सनथ जयसूर्या को राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया जाता है। श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल की सीरीज में टीम के अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया। इन सभी सीरीज में जयसूर्या अंतरिम मुख्य कोच के रूप में प्रभारी थे। यह नियुक्ति 1 अक्तूबर, 2024 को प्रभावी हुई और 31 मार्च, 2026 तक के लिए है।श्रीलंकाई टीम ने कोच के रूप में जयसूर्या के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन किया है। पूर्व कप्तान का कार्यकाल भारत के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के साथ शुरू हुआ। इस सीरीज के 50 ओवर के प्रारूप में रोहित शर्मा एंड कंपनी को श्रीलंकाई टीम ने चौंकाया था। श्रीलंका ने भारत को वनडे सीरीज में 2-1 से हराया था। इसके बाद श्रीलंकाई टीम ने इंग्लैंड का दौरा तिया, जहां उन्होंने ओवल में इतिहास रचते हुए तीसरा टेस्ट जीता।

## कोच गंभीर को कानपुर टेस्ट का श्रेय देने पर भड़के सुनील गावस्कर, बोले- यह चाटुकारिता की पराकाष्ठा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गावस्कर ने कानपुर टेस्ट में भारत की रणनीति को लेकर गंभीर को श्रेय दिए जाने का कड़ा विरोध जताया। उन्होंने उच्चतम गंभीर को इसका क्रेडिट मिलना चाहिए। गावस्कर का मानना है कि रोहित की कप्तानी में भारत ने पिछले कुछ वर्षों में आक्रामक क्रिकेट खेला है। गावस्कर ने बोल्ड शैली के लिए



स्तर की चाटुकारिता से जोड़ा। उन्होंने तर्क दिया कि टीम की रणनीति के लिए गंभीर को श्रेय देना गलत है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का कहना है कि भारत को बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट में मिली जीत का श्रेय रोहित शर्मा का जाना चाहिए ना कि नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम रोहित को 'गोहित' नाम दिया। एक कॉलम में गावस्कर ने कानपुर टेस्ट में भारत की रणनीति को लेकर गंभीर को श्रेय दिए जाने का कड़ा विरोध जताया। उन्होंने उच्चतम स्तर की चाटुकारिता से जोड़ा। उन्होंने तर्क दिया कि टीम की रणनीति के लिए गंभीर को श्रेय देना गलत है। गावस्कर ने इसकी तुलना इस बात से की कि कैसे इंग्लैंड ने अपनी सफलता का श्रेय मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को दिया। गावस्कर ने कॉलम में लिखा, जिस तरह बेन स्टोक्स और मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड की बल्लेबाजी शैली पूरी तरह बदली, वैसा ही कुछ हमने पिछले कुछ वर्षों में रोहित की बल्लेबाजी में देखा और वह टीम को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गंभीर पिछले कुछ महीनों से ही कोचिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, इसलिए इस शैली के लिए उन्हें श्रेय देना चाटुकारिता का उच्चतम स्तर है। गंभीर ने खुद शायद ही कभी इस अंदाज में बल्लेबाजी की हो जैसी मैकुलम किया करते थे। अगर किसी को श्रेय दिया जाना चाहिए तो वो सिर्फ रोहित हैं, अन्य कोई नहीं। भारत ने कानपुर के ग्रीन पार्क में खेले गए टेस्ट मैच को दो दिन में समाप्त कर दिया था। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट में बारिश ने काफी बाधा डाली थी। पहले दिन सिर्फ 35 ओवर का खेल हो सका था, जबकि दूसरा और तीसरे दिन का खेल बारिश के कारण मैदान गीला होने की वजह से पूरी तरह धुल गया था।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली अरुंधति को लगी फटकार, मिला एक डिमैरिट अंक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में हार का सामना करने ऑफ द मैच चुना गया था, लेकिन अब उन्हें आईसीसी से फटकार लगी है। दरअसल, अरुंधति भारत की जीत में अहम योगदान दिया था। भारत का टी20 विश्व कप में सामना अब श्रीलंका से होगा।



वाली भारतीय टीम ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया था। इस मुकाबले में अरुंधति ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए थे और भारत की जीत में अहम योगदान दिया था।भारतीय महिला टीम की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की थी। अरुंधति को उनके प्रदर्शन के लिए प्लेयर पाकिस्तान की बल्लेबाज निदा डार को आउट करने के बाद अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सकी थीं और उन्होंने निदा को पवेलियन की ओर जाने का इशारा किया था।न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में हार का सामना करने वाली भारतीय टीम ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया था। इस मुकाबले में अरुंधति ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए थे और भारतीय टीम को सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना होगा और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी सकारात्मक नतीजे की उम्मीद करनी होगी। आईसीसी ने बयान में कहा, अरुंधति रेड्डी को खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। यह किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो अपमानजनक है और आउट होने वाले बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकते हैं। इसके अलावा अरुंधति के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया है। यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध है।अरुंधति ने अपराध और सजा स्वीकार कर ली। उन पर यह आरोप मैदानी अंपायर एलोइस शेरिडन और लॉरेन एजेनबैग के साथ तीसरे अंपायर जैकलीन विलियम्स और चौथे अंपायर क्लेयर पोलोसाक ने लगाया था। लेवल एक के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार, अधिकतम जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत रकम और एक या दो डिमैरिट अंक शामिल हैं। जब कोई खिलाड़ी 24 महीने की अवधि के भीतर चार या अधिक डिमैरिट अंकों तक पहुंचता है, तो वह स्वतः निलंबन अंक में बदल जाता है और खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है।

# सम्पादकीय

## सिकुड़ता गरीबी का दायरा, आर्थिक प्रगति के सकारात्मक संकेत

मौजूदा व्यवस्था में गेहूं और धान जैसी फसलों के लिए कायम न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी और खरीदारी से जुड़ा तंत्र इनकी मांग घटने के बावजूद उनके उत्पादकों को असंगत रूप से लाभ पहुंचाने वाला है। ऐसे में बागवानी डेरी और मवेशियों पर जोर देना टिकाऊ एवं सतत विकास की ओर अग्रसर करने के साथ ही कृषि उत्पादकता एवं पोषण के मोर्चे को भी मजबूत करेगा। विवेक देवराय आदित्य सिन्हा। गरीबी के मुद्दे पर लंबे समय से गंभीर बहस होती आई है। इस बहस का एक बिंदु यह भी होता है कि आर्थिक वृद्धि का गरीबी पर क्या असर पड़ता है। अमूमन यही माना जाता है कि आर्थिक वृद्धि के विस्तार के साथ ही गरीबी का दायरा सिकुड़ता है। भारत में गरीबी का आकलन गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों की संख्या से किया जाता है। जीवन निर्वाह के लिए वस्तुओं और सेवाओं की एक न्यूनतम कसौटी को गरीबी रेखा के तौर पर मान्यता दी गई है। चूंकि घरेलू सर्वेक्षणों से प्राप्त आमदनी के आंकड़े पूरी तरह विश्वसनीय नहीं तो भारत में गरीबी रेखा को निर्धारित करने के लिए प्रति व्यक्ति मासिक खपत को पैमाना माना गया है। पिछली सदी के छठे दशक में विकसित हुई इस पद्धति को आठवें दशक में संशोधित किया गया। गरीबी के आकलन में सटीक डाटा जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही अहम गरीबी रेखा को भलीभांति रूप से परिभाषित करना भी है। इस कड़ी में घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण यानी एचसीईएस अहम भूमिका निभाता है। इस सर्वे में खानपान, परिधान, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी 350 श्रेणियों पर होने वाले खर्च को शामिल किया जाता है। एचसीईएस के हालिया आंकड़ों में गरीबी के परिदृश्य की एक अलग कहानी दिखाई पड़ती है। इसके आंकड़े गरीबी की मौजूदा और संभावित दशा-दिशा को दिखाते हैं। इससे जुड़े आंकड़ों के दूसरे चरण की जमीनी पड़ताल की प्रक्रिया अभी जारी है। उनके सामने आने के बाद हमें कुछ और ठोस आधार मिलेंगे, लेकिन जो आंकड़े सामने आए हैं, उनके व्यापक विश्लेषण से देश में उपभोग के रुझान को लेकर व्यापक परिवर्तन देखने को मिले हैं। इससे स्पष्ट है कि लोग अब केवल अनाज पर ही केंद्रित न होकर अपने भोजन में दूध, मांस, फल और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को भी तरजीह दे रहे हैं। खानपान के रुझान में इस परिवर्तन का कृषि नीति, पोषण, स्वास्थ्य और जनकल्याण जैसे पहलुओं से गहरा सरोकार है। इस रुझान के प्रमुख निष्कर्षों की पड़ताल करें तो प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय में भारी बढ़ोतरी हुई है। ग्रामीण उपभोग में 164 प्रतिशत तो शहरी उपभोग में 146 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। इसमें बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने जबरदस्त तेजी दिखाई। ग्रामीण सिक्किम 394 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ शीर्ष पर काबिज रहा। इसका दूसरा पहलू तो और भी महत्वपूर्ण है और वह यह कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार ऐसा देखने को मिला है कि भोजन सामग्री पर घरेलू खर्च का हिस्सा 50 प्रतिशत से भी कम हो गया है। भोजन पर होने वाले खर्च में कमी जीवन स्तर में सुधार के साथ ही एंगेल के नियम के अनुरूप भी है कि आय बढ़ने के साथ ही भोजन पर होने वाले खर्च का अनुपात घटता जाता है। तीसरा पहलू, अनाज की खपत में गिरावट को दर्शाता है। विशेष रूप से आर्थिक तलहटी पर मौजूद 20 प्रतिशत लोगों के स्तर पर यह देखने को मिला है। इसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी खाद्य सुरक्षा पहल की भी भूमिका हो सकती है, जिससे करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। इसके चलते लोग अपने भोजन में फल, सब्जियां, डेरी उत्पाद और एनिमल प्रोटीन शामिल कर रहे हैं। यह परिवर्तन भारत की कृषि एवं पोषण नीतियों के पुनर्मूल्यांकन की मांग करता है, जो नीतियां अनाज उत्पादन की ओर उन्मुख रही हैं। यह रिपोर्ट इस बात को साफ तौर पर रेखांकित करती है कि हमारी कृषि नीतियों की दिशा फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने पर केंद्रित होनी चाहिए। मौजूदा व्यवस्था में गेहूं और धान जैसी फसलों के लिए कायम न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी और खरीदारी से जुड़ा तंत्र इनकी मांग घटने के बावजूद उनके उत्पादकों को असंगत रूप से लाभ पहुंचाने वाला है। ऐसे में बागवानी, डेरी और मवेशियों पर जोर देना टिकाऊ एवं सतत विकास की ओर अग्रसर करने के साथ ही कृषि उत्पादकता एवं पोषण के मोर्चे को भी मजबूत करेगा। यह रिपोर्ट कुछ चिंताजनक पहलुओं की ओर संकेत करती है। ऐसा ही एक पहलू प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के बेतहाशा बढ़ते उपभोग का है। खासतौर से शीर्ष 20 प्रतिशत अमीर आबादी में यह खपत खासी बढ़ी है।

# व्यक्तित्व विकास के लिए सही कैरियर परामर्श की आवश्यकता -कौशिकी सोधी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
महोदया कौशिकी सोंधी, वर्तमान में हेड ट्रेनर, आईआईएमटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, ग्रेटर नोएडा। पूर्व सहायक प्रोफेसर और सॉफ्ट स्किल ट्रेनर, ग्रेटर नोएडा, सीबीएसई स्कूल में प्रिंसिपल, कई विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के सलाहकार बोर्ड। कई धर्मार्थ ट्रस्ट और संस्थानों के संरक्षक, नीति आयोग में परिवर्तन के संरक्षक, मानवाधिकार स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के लिए अखिल भारतीय परिषद के सलाहकार, महिला सशक्तिकरण परियोजना और कई अन्य उपलब्धियों,वह आज इंजीनियरिंग छात्रों के लिए प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के सेनारियोठ के बारे में बात करेगा वह कहती है कि इंजीनियरिंग छात्रों के लिए व्यक्तित्व विकास और सही करियर परामर्श की आवश्यकता है इंजीनियरिंग ऐसा क्षेत्र है, जो न केवल तकनीकी विशेषज्ञता की मांग करता है बल्कि कई सॉफ्ट स्किल्स की भी आवश्यकता होती है, जिन्हें अक्सर अकादमिक जीवन में नजरअंदाज कर दिया जाता है। आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में, इंजीनियरिंग छात्रों को सफल होने के लिए एक समग्र व्यक्तित्व का विकास करना बेहद जरूरी है। व्यक्तित्व विकास और करियर परामर्श छात्रों को उद्योग के लिए तैयार पेशेवर बनने में मदद करते हैं। इस लेख में व्यक्तित्व विकास के महत्व और उचित करियर परामर्श की आवश्यकता पर चर्चा की गई है। व्यक्तित्व विकासः सफलता का एक महत्वपूर्ण पहलू व्यक्तित्व विकास एक ऐसा दृष्टिकोण है, जो व्यक्ति के चरित्र, व्यवहार, संवाद कौशल और अंतर-व्यक्तिगत कौशल के सभी पहलुओं को संवारता है। इंजीनियरिंग छात्रों के लिए, जो अक्सर तकनीकी ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करते हैं, व्यक्तित्व विकास उन्हें तकनीकी कौशल के साथ-साथ आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स हासिल करने में मदद करता है। यह उन्हें आत्मविश्वास, अनुकूलनशीलता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता जैसे गुणों से लैस करता है, जो पेशेवर जीवन में आवश्यक होते हैं। व्यक्तित्व विकास का एक मुख्य लाभ है संचार कौशल में सुधार। इंजीनियरों को अक्सर अपने विचारों को प्रस्तुत करने, ग्राहकों से बातचीत करने या टीम में काम करने की आवश्यकता होती है। प्रभावी संचार यह सुनिश्चित करता है कि तकनीकी समाधानों को सही से समझा जाए और उन्हें स्वीकार भी किया जाए। एक अच्छा व्यक्तित्व यह सुनिश्चित करता है कि छात्र अपने विचारों को स्पष्ट और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत कर सकें, चाहे वह प्रस्तुति हो या समूह चर्चा। नेतृत्व भी व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इंजीनियरिंग में अक्सर नेतृत्व की जिम्मेदारी मिलती है, जहाँ आपको टीमों का प्रबंधन करना, परियोजनाओं की देखरेख करना और रणनीतिक निर्णय लेने होते हैं। एक सशक्त व्यक्तित्व वाला व्यक्ति बेहतर नेतृत्व कर सकता है, जिसमें सहानुभूति, निर्णय लेने की क्षमता और प्रेरणा शामिल होती है। नेतृत्व कौशल इंजीनियरों को दूसरों को प्रेरित और प्रभावित करने में मदद करते हैं, जिससे वे संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। इसके अलावा, अनुकूलन क्षमता और लचीलापन व्यक्तित्व विकास के दो महत्वपूर्ण घटक हैं, जिनकी इंजीनियरिंग क्षेत्र में विशेष मांग है। तकनीकी प्रगति की तेज़ गति का मतलब है कि इंजीनियरों को नए कौशल जल्दी से सीखने और बदलते परिवेश के साथ तालमेल बिठाने की क्षमता होनी चाहिए। एक मजबूत व्यक्तित्व छात्रों को चुनौतियों और असफलताओं का सामना करने में मदद करता है, जिससे वे उद्योग में प्रासंगिक बने रहते हैं। अंतर-व्यक्तिगत कौशल, जैसे टीमवर्क और सहयोग, भी इंजीनियरों के लिए जरूरी हैं। इंजीनियरिंग एक ऐसा क्षेत्र है, जहाँ अक्सर परियोजनाओं को बहु-विषयक टीमों द्वारा पूरा किया जाता है। एक बेहतर व्यक्तित्व छात्रों को टीम में अच्छे से काम करने, संघर्षों को सुलझाने और उत्पादक कार्य संबंध बनाने में मदद करता है। ये कौशल इंजीनियरिंग परियोजनाओं की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी टीम सदस्य अपनी पूरी क्षमता से योगदान दे सकें। इंजीनियरिंग में करियर परामर्श की भूमिका जहां व्यक्तित्व विकास इंजीनियरिंग छात्रों के सॉफ्ट स्किल्स को संवारता है, वहीं करियर परामर्श उन्हें सही करियर पथ चुनने में दिशा और मार्गदर्शन प्रदान करता है। इंजीनियरिंग एक बड़ा क्षेत्र है, जिसमें सिविल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग से लेकर सॉफ़्टवेयर विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नवीकरणीय ऊर्जा तक कई विशेषज्ञताएं और करियर विकल्प हैं। करियर परामर्श छात्रों को इस जटिल परिदृश्य को समझने में मदद करता है, ताकि वे अपनी क्षमताओं, रुचियों और दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुसार सूचित निर्णय ले सकें। इंजीनियरिंग छात्रों के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है करियर विकल्पों की अधिकता। कई छात्र यह तय नहीं कर पाते कि उन्हें किस क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करनी चाहिए या किस उद्योग में करियर बनाना चाहिए। करियर परामर्श छात्रों को उनके कौशल, रुचियों और प्राथमिकताओं के आधार पर सही विकल्प चुनने में मदद करता है। करियर आकलन, व्यक्तित्व परीक्षण और काउंसलर से व्यक्तिगत सत्रों के माध्यम से छात्र यह जान सकते हैं कि कौन सा क्षेत्र उनके लिए सबसे उपयुक्त है। उदाहरण के लिए, जो छात्र प्रोग्रामिंग और समस्या समाधान में निपुण होते हैं, वे सॉफ़्टवेयर इंजीनियरिंग में करियर बना सकते हैं, जबकि जो छात्र स्थिरता में रुचि रखते हैं, वे पर्यावरण इंजीनियरिंग को चुन सकते हैं। करियर परामर्श छात्रों को जॉब मार्केट और उद्योग की प्रवृत्तियों को समझने में भी मदद करता है। इंजीनियरिंग क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है, और नए-नए तकनीकी कौशलों की मांग बढ़ रही है। काउंसलर छात्रों को उद्योग के बारे में अद्यतित जानकारी देते हैं, ताकि वे मांग में रहने वाले कौशलों को समझ सकें और अपनी क्षमताओं को उसी अनुसार विकसित कर सकें। करियर परामर्श छात्रों को नौकरी की तलाश में भी मदद करता है। तकनीकी ज्ञान होने के बावजूद, कई छात्रों को यह नहीं पता होता कि वे अपने कौशल को नियोक्ताओं के सामने कैसे प्रस्तुत करें। काउंसलर उन्हें सही तरीके से रिज़्यूमे बनाने, प्रभावशाली कवर लेटर लिखने और साक्षात्कार की तैयारी करने में मदद करते हैं। वे उन्हें नेटवर्किंग और पेशेवर प्लेटफ़ॉर्म पर अपनी उपस्थिति को सशक्त करने के बारे में भी मार्गदर्शन देते हैं। इसके अलावा, करियर परामर्श छात्रों को यथार्थवादी करियर लक्ष्य निर्धारित करने और उन तक पहुंचने के लिए एक योजना बनाने में मदद करता है। कई इंजीनियरिंग छात्रों की बड़ी आकांक्षाएं होती हैं, लेकिन उनके पास उन्हें प्राप्त करने की स्पष्ट योजना नहीं होती। काउंसलर उनके साथ मिलकर एक रोडमैप तैयार करते हैं, जिससे वे अपने अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों को पहचान सकें और उन्हें पूरा कर सकें। व्यक्तित्व विकास और करियर परामर्श का आपस में संबंध यह ध्यान रखना आवश्यक है कि व्यक्तित्व विकास और करियर परामर्श एक-दूसरे के पूरक हैं। एक छात्र जिसका व्यक्तित्व अच्छे से विकसित होता है, वह करियर परामर्श का अधिक लाभ उठा सकता है, क्योंकि उसके पास आत्मविश्वास, संवाद कौशल और आत्म-जागरूकता होती है, जो करियर परामर्श में प्राप्त दिशा-निर्देशों को लागू करने में मदद करती है। इसी तरह, प्रभावी करियर परामर्श भी छात्रों को यह महसूस कराता है कि उन्हें अपने व्यक्तित्व के कुछ पहलुओं, जैसे नेतृत्व और अनुकूलन क्षमता, को विकसित करना चाहिए, ताकि वे अपनी दीर्घकालिक करियर सफलता सुनिश्चित कर सकें। उदाहरण के लिए, एक करियर काउंसलर छात्र को इंटर्नशिप या सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का हिस्सा बनने की सलाह दे सकता है, जिससे वह अपने नेतृत्व और टीमवर्क कौशल को सुधार सके। इस प्रकार, छात्र अपने व्यक्तित्व और व्यावसायिक कौशल दोनों को विकसित कर सकता है।



# जल निकासी के उपायों की अनदेखी, परिणामस्वरूप राष्ट्र को जानमाल की क्षति

अनेक वैज्ञानिक अध्ययन समाज को यह बताते रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में प्राकृतिक आपदाएं शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में और कहर बरपाएंगी। फलस्वरूप बड़ी संख्या में जलवायु परिवर्तन शरणार्थी सामने आएंगे। आगे जल प्रलय का प्रारूप क्या होगा यह सिर्फ प्रकृति को ही पता है। इससे निपटने के लिए 142 करोड़ जनसंख्या वाले भारत को एक आपदा प्रबंधन और निवारण तंत्र बनाकर रखना होगा। प्रोफेसर मान सिंह। इस साल वर्षा ऋतु के दौरान देश के कई हिस्सों में अतिवृष्टि हो रही है। इस बार देश के पूर्वी तट वाले राज्य ही नहीं, बल्कि पश्चिमी तट के राज्य जैसे-गुजरात, महाराष्ट्र के अलावा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि में भी जल प्रलय जैसी स्थिति पैदा हो गई है। असंख्य बांधों के फाटक लबालब भरे जलाशयों से पानी निकालने के लिए खोल दिए गए हैं, जिससे सभी बांधों के निचले हिस्से में बाढ़ आ गई है। इससे खड़ी फसलों और संपत्ति की क्षति हो रही है। अब ऐसी स्थिति हर दूसरे-तीसरे साल पैदा होने लगी है, कभी इस राज्य में तो कभी उस राज्य में। परिणामस्वरूप शहरी संपत्ति तथा आधारभूत ढांचे की भारी क्षति हो रही है। भारतीय किसान और खेतिहर मजदूर ग्रामीण आर्थिकी का हिस्सा हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते उनका सामना कभी सूखा, कभी बाढ़ और कभी चक्रवात से पड़ने लगा है। ग्रामीण क्षेत्र में फसलें जलमग्न होकर नष्ट हो जा रही हैं। जो किसान गरीबी रेखा के ऊपर आ गए थे, जल के इस कहर से एक बार पुनः गरीबी रेखा को छूने या उसके नीचे जाने लगे हैं। प्राकृतिक प्रकोप का सामना करना अब एक सालाना परंपरा बन गई है। किसानों और कृषि मजदूरों को स्थायी रूप से गरीबी के दायरे से बाहर निकालने के लिए नए उपायों के बारे में अब सोचना होगा। इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम को उन्नत बनाने और अतिवृष्टि के दुष्परिणामों से बचने के लिए जलनिकासी के लिए बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास की आवश्यकता बढ़ गई है। भारत विश्व के 2.4 प्रतिशत भौगोलिक भूभाग एवं चार प्रतिशत जल संसाधन की मदद से अपनी खाद्यान्न संबंधी आवश्यकताएं पूरी करता है, लेकिन अतिवृष्टि से आई बाढ़ से दलहन और तिलहन फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। देश पहले से ही दाल और खाद्य तेल की कमी से जूझ रहा है। दरअसल पानी की अधिकता दलहन और तिलहन की दुश्मन है। 2016 को अंतरराष्ट्रीय दलहन वर्ष के रूप में मनाया गया था। उसी दौरान भारत विश्व बाजार से दाल आयात करने के लिए मजबूर हुआ। घरेलू मांग की पूर्ति के लिए भारत ने कनाडा, बर्मा, तंजानिया, मोजांबिक आदि देशों का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उनके पास भी दलहन की कमी थी। लिहाजा ऊंचे दाम पर दूसरे देशों से भारत दाल आयात के लिए मजबूर हुआ। तभी से देश में दलहन की कीमत बहुत बढ़ी हुई है। ऐसी स्थिति इस साल भी पैदा होने की आशंका है। आज भारत की आबादी चीन से अधिक हो गई है। हमारे देश के नागरिक प्रोटीन की अपनी आवश्यकता मुख्य रूप से दाल से ही पूरी करते हैं। ऐसे में हमें फिर से विश्व बाजार की ओर देखना होगा। इस वर्ष आए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार देश में दलहन और तिलहन का उत्पादन कम रहने वाला है। लिहाजा आगे भी देश में दलहन और तिलहन की कमी रहने वाली है।



# संस्कारहीनता के घातक दुष्परिणाम, नहीं रुक रहे महिलाओं पर होने वाले अपराध

एक तरफ बच्चों को संस्कार नहीं दिए जाते और जीवन में मूल्यों का महत्व नहीं समझाया जाता। दूसरी तरफ उन्हें पाश्चात्य सभ्यता का एक घिनौना और वीभत्स स्वरूप रोज देखने को मिलता है। भारत में लगभग 75 करोड़ लोग इंटरनेट का प्रयोग कर रहे हैं। यह देश की कुल आबादी का लगभग 52 प्रतिशत है। इस मामले में भारत दुनिया में चीन के बाद दूसरे नंबर पर है प्रकाश सिंह। अगर किसी समस्या की गहराई में न उतरा जाया जाए तो वह समस्या फिर-फिर उभर कर आती है। 2012 के निर्भया कांड के बाद पूरे देश में हंगामा मचा। सरकार ने जस्टिस वर्मा के नेतृत्व में एक समिति गठित की। समिति ने कानून में बदलाव के अच्छे सुझाव दिए। उन सुझावों पर अमल भी हुआ, लेकिन लगता है कि 12 वर्ष बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। महिलाओं पर होने वाले अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2020 में महिला संबंधी 3,71,503 अपराध पंजीकृत हुए। 2021 में यह संख्या बढ़कर 4,28,278 हो गई और 2022 में 4,45,256 हो गई। यानी 2022 में महिला संबंधी अपराधों में 2021 की अपेक्षा चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। प्रकाश सिंह। अगर किसी समस्या की गहराई में न उतरा जाया जाए तो वह समस्या फिर-फिर उभर कर आती है। 2012 के निर्भया कांड के बाद पूरे देश में हंगामा मचा। सरकार ने जस्टिस वर्मा के नेतृत्व में एक समिति गठित की। समिति ने कानून में बदलाव के अच्छे सुझाव दिए। उन सुझावों पर अमल भी हुआ, लेकिन लगता है कि 12 वर्ष बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। महिलाओं पर होने वाले अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2020 में महिला संबंधी 3,71,503 अपराध पंजीकृत हुए। 2021 में यह संख्या बढ़कर 4,28,278 हो गई और 2022 में 4,45,256 हो गई। यानी 2022 में महिला संबंधी अपराधों में 2021 की अपेक्षा चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। किसी समाज का मध्य वर्ग उसकी शक्ति होती है। इसी वर्ग से अधिकांश समाज सुधारक और क्रांतिकारी निकलते हैं। स्वतंत्रता संग्राम में भी इसी मध्य वर्ग ने अहम भूमिका निभाई थी। दुर्भाग्य से आज यह वर्ग आंतरिक कलह, शान शौकत और भोग विलास में लिप्त है। बच्चों को महंगे स्कूल में भेज कर माता-पिता समझते हैं कि कि उनकी जिम्मेदारी पूरी हो गई। लोगों का यही लक्ष्य है कि पैसे कमाओ और जीवन का आनंद लो। बच्चों को मोबाइल और लैपटाप दे दो, वे खुश रहेंगे। मोबाइल-लैपटाप में वे कितना समय लगा रहे हैं, क्या कर रहे हैं, इसकी किसी को कोई चिंता नहीं। इसका नतीजा यह है कि मूल्यों से विहीन पीढ़ियां विकसित हो रही हैं। पढ़ाई की बात करें तो अध्यापकों का ही स्तर इतना निम्न है कि बच्चों को क्या दोष दिया जाए। नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन के अनुसार एक-तिहाई अध्यापक ऐसे हैं, जिनमें पढ़ाने की अपेक्षित योग्यता नहीं है। उन्हें पढ़ाने की आधुनिक तकनीक का भी कोई ज्ञान नहीं है। फिर भी, कुछ बच्चे अपनी मेहनत और कोचिंग से अच्छे निकल जा रहे हैं। इनमें से कुछ सिविल सेवा परीक्षा भी पास कर लेते हैं। हालांकि, सिविल सेवा में पहुंचकर भ्रष्टाचार की कहानियां भी सामने आती हैं। ऐसे भी उदाहरण हैं कि सिविल सेवा में तो टाप किया, परंतु सचिव-मुख्य सचिव बनने के बाद महाशय सस्पेंड हो गए। बहुत से स्कूल तो फैक्ट्री की तरह चलते हैं। स्कूल में खेलने का कोई मैदान नहीं। बच्चों को केवल रटाने और किताबी कीड़ा बनाने पर जोर है। बच्चे अच्छे नंबर से पास होने चाहिए, केवल यही लक्ष्य होता है। उनके व्यक्तित्व का विकास हुआ या नहीं, उन्हें समाज और देश सेवा की प्रेरणा मिली या नहीं, इन सबसे कोई मतलब नहीं। श्री अरविंद ने हमें बहुत पहले चेतावनी दी थी कि आज की शिक्षा व्यवस्था ऐसे विद्यार्थी तैयार कर रही है जिनमें उस सोच और शक्ति का अभाव है, जिससे एक देश महान बनता है और इसका मुख्य कारण है स्कूल और विश्वविद्यालय में हमें अपने देश के आध्यात्मिक और बौद्धिक ज्ञान के बारे में कुछ नहीं पढ़ाया जाता। एक तरफ बच्चों को संस्कार नहीं दिए जाते और जीवन में मूल्यों का महत्व नहीं समझाया जाता। दूसरी तरफ उन्हें पाश्चात्य सभ्यता का एक घिनौना और वीभत्स स्वरूप रोज देखने को मिलता है। भारत में लगभग 75 करोड़ लोग इंटरनेट का प्रयोग कर रहे हैं। यह देश की कुल आबादी का लगभग 52 प्रतिशत है। इस मामले में भारत दुनिया में चीन के बाद दूसरे नंबर पर है। एक दृष्टिकोण से यह हमारी प्रगति का सूचक है, परंतु इसका दूसरा पहलू भी है कि आज इंटरनेट अश्लील सामग्री से भरा पड़ा है। दुनिया में अश?लील सामग्री का प्रति वर्ष करीब 57 अरब डालर का उद्योग है। गूगल के अनुसार अश्लील सामग्री देखने वाले देशों में शीर्ष पर पाकिस्तान के बाद मिस्र, वियतनाम, ईरान और मोरक्को के बाद छठे स्थान पर भारत है। यह कोई गर्व का विषय नहीं है। अश्लील सामग्री देखने के बाद मस्तिष्क में कैसे विकृत विचार उठते हैं, यह कहने की आवश्यकता नहीं। दुष्कर्म की घटनाएं इसी विकृति का भी परिणाम होती हैं। किसी ने सही कहा है कि अश?लील सामग्री थ्योरी होती है और दुष्कर्म उसकी प्रैक्टिस। कोलकाता के चर्चित दुष्कर्म एवं हत्या के कांड में जो अपराधी संजय राय पकड़ा गया, उसके मोबाइल में अश?लील सामग्री की बहुत सामग्री थी। निर्भया कांड के अपराधियों को भी अश्लील सामग्री देखने की लत थी। अश?लील सामग्री का हमारे युवा वर्ग पर भयंकर असर पड़ रहा है। ओटीटी प्लेटफार्म सेंसर से परे हैं। उनमें अश्लीलता का नंगा नाच हो रहा है। सोशल नेटवर्क साइट्स भी बड़ी चालाकी से अश्लील सामग्री परोस रही हैं। जिन बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन है, वे किसी ने किसी समय अश?लील सामग्री देखते होंगे। दुर्भाग्य से हमारे नेताओं और कुछ हद तक न्यायाधीशों का भी अश?लील सामग्री के प्रति बड़ा उदार दृष्टिकोण है। उनका कहना है कि हर व्यक्ति को यह स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह क्या देखे या पढ़े। ठीक है, आप स्वतंत्रता दीजिए, लेकिन बाद में इसका हल्ला मत मचाइए कि दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं, महिलाओं पर अत्याचार नहीं रुक रहे हैं, आदि इत्यादि। महिला संबंधी अपराधों के संदर्भ में राष्ट्रपति का यह सुलझा हुआ बयान आया कि आज हमें ईमानदारी से अपने भीतर झांकना पड़ेगा और आवश्यकता इसकी है कि हम समस्या की जड़ में जाएं। उन्होंने इस पर गहरा खेद प्रकट किया कि एक गंभीर घटना होने के कुछ दिनों बाद हम उसे भूलने लगते हैं और बाद में जब उसी तरह की घटना फिर होती है तो हम उसका समाधान ढूंढ़ने की कोशिश करते हैं। उन्होंने महिला को भोग की वस्तु के रूप में प्रस्तुत किए जाने की प्रवृत्ति की भी निंदा की। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि किसी देश की प्रगति का सबसे बड़ा मानक यह है कि वहां महिलाओं को कितना सम्मान मिलता है। क्या हम अपने समाज की कमजोरी देखने, पहचानने और उसका उपाय ढूंढ़ने के लिए तैयार हैं? सेक्युलरिज्म के नाम पर हम शिक्षण संस्थानों में जैसी मूल्यविहीन शिक्षा दे रहे हैं, क्या हम उसमें संशोधन करना चाहेंगे? अश्लील सामग्री जिस सहजता से उपलब्ध है, क्या उस पर हम अंकुश लगाना चाहेंगे? अपनी संस्कृति को ध्यान में रखते हुए जब तक हम इन सवालों का सही उत्तर नहीं देंगे तब तक ये समस्याएं मुंह बाएं खड़ी रहेंगी और शायद उनका और कुत्सित रूप हमें भविष्य में देखने को मिलेगा।



ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)

FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks

Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)



- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .

Ms. Riya Arora (Counsellor)

- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .



Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .
Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234

# खेत से बरामद चप्पलों पर पेंट के छींटे, हत्यारे पकड़ से दूर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** पता लगाया जा रहा है कि क्या कोई ऐसा व्यक्ति गायब है जो पेंटर है। इस बात की भी सुरागरशी की जा रही है कि क्या हाल ही में गांव के किसी घर में पेंटिंग का काम कराया गया है। दरअसल, घटना के तीन दिन बाद भी सही मायनों में पुलिस एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी है। सोरांव के एक गांव में दुर्गापूजा देखने निकली आठ वर्षीय बालिका के हत्यारों का तीसरे दिन भी सुराग नहीं मिला। घटनास्थल से जो दो जोड़ी चप्पलें बरामद हुई हैं उनमें से दो पर पेंट के छींटे मिले हैं। पुलिस इसके आधार पर भी घटना में शामिल दरिंदों का पता लगाने में जुटी है। पता लगाया जा रहा है कि क्या कोई ऐसा व्यक्ति गायब है जो पेंटर है। इस बात की भी सुरागरशी की जा रही है कि क्या हाल ही में गांव के किसी घर में पेंटिंग का काम कराया गया है। दरअसल, घटना के तीन दिन बाद भी सही मायनों में पुलिस एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी है। जबकि अफसरों की ओर से इस मामले के खुलासे के लिए एसओजी को भी लगाया गया है। मामले में जो पांच लोग उठाए गए थे, उनमें से दो को छोड़ दिया गया है। जबकि तीन अन्य से अभी पूछताछ जारी है। उधर, सुरागरशी में जुटीं पुलिस टीमें दर्जनों लोगों से फिलहाल आरोपियों का पता नहीं लग सका है।पुलिस ऐसे लोगों का भी पता लगा रही है जो घटना वाली शाम यानी बृहस्पतिवार को दुर्गा रविवार को बसपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष पंकज गौतम की अगुवाई में पीड़ित परिवार से मिले और न्याय का भरोसा



बातचीत कर चुकी हैं। गांव के उन लोगों की भी सूची खंगाली जा रही है जो आपराधिक व नशेड़ी प्रवृत्ति के हैं। महिला अपराध की जघन्य वारदातों में शामिल थाना क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र के अपराधियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। एसीपी सोरांव जंग बहादुर यादव का कहना है कि अलग-अलग टीमें जांच पड़ताल में लगी हैं। पूजा पंडाल में मौजूद थे। दरअसल, बच्ची के घर से करीब 200 मीटर दूरी पर दुर्गा पूजा पंडाल सजाया गया है। इंजेक्शन मेडिकल स्टोर पर रखने के लिए जाने के दौरान बच्ची ने अपनी मां से कहा था कि वह दुर्गा पूजा देखते हुए घर लौटेगी। संभावना है कि इस दौरान ग्रामीणों ने बच्ची को किसी के साथ आते-जाते देखा हो। कलंदरपुर। उधर दिलाया। पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों को सरकार से 50 लाख रुपये की मदद और अन्य सुविधा देने की मांग की। इस मौके पर मुख्य मंडल प्रभारी प्रयागराज मंडल राजू गौतम, मंडल प्रभारी प्रयागराज मंडल जगन्नाथ पाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत कार्यक्रम ठमिशन शक्तिठ विशेष अभियान फेज़-5 के अंतर्गत माह अक्टूबर से माह दिसंबर 2024 का शुभारंभ किया गया है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
लखनऊ ।।जिलाधिकारी , के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी, लखनऊ के नेतृत्त्व मे दिए कार्ययोजना की थीम शक्ति संवाद कार्यक्रम ए0डी0सी0पी0 (मध्य) कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को महिला कल्याण विभाग का मोमेंटो व तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया। संवाद कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग के लाभपरक योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना,स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को बुलाकर मुख्य अतिथि ए0डी0सी0पी0 (मध्य) मनीषा सिंह द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मग, टोपी एवं चॉकलेट दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने महिलाओं और बालिकाओं से योजना में मिली धनराशि के बाद उनके जीवन में क्या परिवर्तन आया उसपर चर्चा की गयी। थानाध्यक्ष महिला थाना मंजू पांडे द्वारा महिलाओं को जागरूक किया कि अगर कोई परेशानी होती है तो आप महिला थाना अवश्य आए आपको थाना पूरा सहयोग करेगा। मुख्य अतिथि ने बालिकाओं एवं महिलाओं के मध्य योजना के बारे में बात की और सबको साइबर क्राइम से अवगत कराया एवं टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में बताया। कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी वैष्णवी, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर चाइल्ड लाइन जयादेवी, वन स्टॉप सेंटर की समस्त टीम उपस्थित रही। वन स्टॉप सेंटर इंचार्ज द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।



# बॉलीवुड/टैली मसाला





## राज्यसभा सांसद रामदास अठावले ने गोविंदा से उनके आवास पर की मुलाकात, स्वस्थ होने की कामना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद रामदास अठावले ने हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता गोविंदा से जुहू स्थित आवास पर मुलाकात की और उनके जल्द ही उनके स्वस्थ होने की कामना की। राज्यसभा सांसद और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास अठावले ने अभिनेता और राजनेता गोविंदा से उनके जुहू स्थित घर पर मुलाकात की। गोविंदा ने पिछले सप्ताह एक दुर्घटना के दौरान अपने एक पैर में गोली मार ली थी और उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। उन्हें 4 अक्टूबर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। सभी के पसंसीदा अभिनेता गोविंदा के स्वस्थ का हालचाल पूछने के लिए सभी उनके घर पर उनसे मुलाकात कर रहे हैं। इसी बीच राज्यसभा सांसद रामदास अठावले ने भी गोविंदा से मुलाकात की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामकी की।रामदास बंधु ने गोविंदा से उनके जुहू स्थित आवास पर सात अक्तूबर को मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अभिनेता के साथ तस्वीरें भी साझा कीं। बॉलीवुड की तमाम फिल्मों में



अपने बेहतरीन और शानदार अभिनय से लोगों के दिलों में हीरो नंबर 1 की छवि बना चुके गोविंदा के लिए सभी चिंतित हैं। प्रतिष्ठित भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले गोविंदा को मंगलवार, 1 अक्टूबर की सुबह अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से गलती से अपने पैर में गोली मारने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना सुबह 4:45 बजे हुई जब गोविंदा कोलकाता जाने वाली फ्लाइट की तैयारी कर रहे थे।अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद गोविंदा अब ठीक हैं और उन्होंने चिकित्सा कर्मचारियों, राजनेताओं, मीडिया और साथी कलाकारों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जो उनके स्वास्थ्य लाभ के दौरान उनके साथ थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना को याद करते हुए गोविंदा ने कहा, ठथोड़ा गहरा लग गया था, लगा तब विश्वास नहीं हुआ, ऐसा लगा ये क्या हो गया। मैं सुबह करीब 4:45-5 बजे कोलकाता में एक शो के लिए निकल रहा था। उसी समय मेरी बंदूक गिर गई और गोली चल गई। मुझे झटका लगा और खून निकलता हुआ दिखाई दिया।ठ उन्होंने जोर देकर कहा कि इस दुर्घटना को किसी और चीज से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। बता दें गोविंदा को गलती से पैर में गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 4 अक्टूबर को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। सभी के पसंसीदा अभिनेता गोविंदा अब ठीक है लेकिन उनके शुभचिंतक उनसे लगातार उनके मुंबई में जुहू स्थित घर पर मिल रहे हैं और उनका हालचाल पूछ रहे हैं।

## हवाई जहाज में चला दी सेमी पॉर्न फिल्म, शिकायत होने पर एयरलाइंस ने मांगी माफी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** क्वांटास ने सिडनी से और नग्नता के लिए आर रेटिंग दी गई है और ऑस्ट्रेलिया में इसे अनुभव साझा किया। आक्रोश को बढ़ता देखकर क्वांटास को



जापान जा रहे एक विमान में एक अश्लील फिल्म चलाए जाने के बाद यात्रियों से माफी मांगी है। उड़ान के दौरान डकोटा जॉनसन की आर रेटेड फिल्म चला दी गई, जिससे यात्रियों में आक्रोश देखने को मिला।क्वांटास ने सिडनी से जापान जा रहे एक विमान में एक अश्लील फिल्म चलाए जाने के बाद यात्रियों से माफी मांगी है। हनेडा की उड़ान में यात्रियों को डकोटा जॉनसन अभिनीत 2023 की फिल्म 'डैडियो' की शुरुआत दिखाई गई। फिल्म को अमेरिका में भाषा, यौन कंटेंट असभ्य भाषा और नग्नता के लिए एमए15प्लस रेटिंग दी गई है जानकारी के अनुसार, तकनीकी समस्याओं के कारण व्यक्तिगत फिल्म का चयन उपलब्ध नहीं था, इसलिए कुछ यात्रियों के अनुरोध के बाद, चालक दल ने उड़ान के दौरान फिल्म चलाने का फैसला किया। एक बार जब यात्रियों को फिल्म के कंटेंट का एहसास हुआ, तो चालक दल के सदस्यों ने इसे बंद कर दिया और स्क्रीन पर बच्चों की फिल्म लगा दी। उड़ान के बाद कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर माफीनामा जारी करना पड़ा। क्वांटास के एक प्रवक्ता ने कहा, 'फिल्म स्पष्ट रूप से पूरी उड़ान के दौरान चलाने के लिए उपयुक्त नहीं थी और हम इस अनुभव के लिए ग्राहकों से ईमानदारी से माफी मांगते हैं। बाकी उड़ान के लिए सभी स्क्रीनों को परिवार के अनुकूल फिल्म में बदल दिया गया था, जो उन दुर्लभ मामलों के लिए हमारा मानक अभ्यास है जहां व्यक्तिगत फिल्म का चयन संभव नहीं है।' प्रवक्ता ने अपनी बात में जोड़ा, 'हम समीक्षा कर रहे हैं ।

## 14 की उम्र में गौरी को हुआ था शाहरुख से प्यार, हनीमून पर जाने के लिए किंग खान ने बोला था ये झूठ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी और फिल्म निर्माता-



डिजाइनर गौरी खान आज यानी 8 अक्तूबर को अपना जन्मदिन मना रही हैं। गौरी खान रियल लाइफ में शान ओ शौकत के साथ जिंदगी गुजारती हैं। गौरी खान का जन्म 8 अक्तूबर, 1970 को दिल्ली में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा दिल्ली में पूरी की और लेडी श्रीराम कॉलेज से पढ़ाई पूरी की। इसके अलावा, उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी से 6 महीने का डिग्री कोर्स भी पूरा किया। गौरी खान को टॉप 50 सबसे शक्तिशाली 50 महिलाओं की सूची में गिना जाता है। गौरी खान की पहली मुलाकात शाहरुख खान से एक पार्टी में हुई थी, जब गौरी खान की उम्र सिर्फ 14 साल थी। शाहरुख खान की उम्र उस वक्त 18 साल थी। दोनों को तभी प्यार हो गया था और कई सालों तक दोनों ने डेटिंग की। गौरी के माता-पिता को उनका रिश्ता मंजूर नहीं था। दोनों ने कई चीजों का सामना करते हुए 25 अक्तूबर, 1991 को दोनों ने शादी कर ली थी गौरी खान से शादी के बाद शाहरुख खान ने हनीमून की जगह को लेकर झूठ बोला था। उस समय शाहरुख के करियर की शुरुआत हुई ही थी। शाहरुख की फिल्म 'राजू बन गया जेंटलमैन' की शूटिंग के दौरान दोनों की शादी हुई थी। शादी के बाद शाहरुख ने गौरी से झूठ बोला था। उन्होंने कहा था वो हनीमून के लिए पेरिस जाएंगे। उस वक्त शाहरुख के पास इतने पैसे नहीं थे, तब वो गौरी को पेरिस बोलकर दार्जिलिंग ले गए थे। गौरी खान ने अपने पति शाहरुख खान के साथ 2002 में प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की स्थापना की। इस कंपनी में गौरी अपने पति शाहरुख खान के साथ मालिकाना हक रखती हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के अंतर्गत 'ओम शांति ओम', 'मैं हूं ना', 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर', 'हैप्पी न्यू ईयर', 'डियर जिंदगी' जैसी फिल्में बन चुकी हैं। इसके अलावा गौरी ने इंटीरियर डिजाइन का भी कोर्स किया है। उन्होंने अपने बांद्रा के घर मन्नत की डिजाइनिंग भी खुद की है। उन्होंने इंटीरियर डिजाइनिंग के क्षेत्र में करीबी दोस्त सुजैन खान के साथ काम किया था। 2017 में, गौरी खान ने मुंबई में अपना खुद का डिजाइन स्टूडियो, गौरी खान डिजाइन लॉन्च किया है।

## गैंगस्टर ओमप्रकाश से मिले श्रीनाथ भासी-प्रयागा मार्टिन, ड्रग्स केस में जल्द होगी पूछताछ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री एक बार फिर सुर्खियों में है। गैंगस्टर ओम प्रकाश पर केरल पुलिस की रिमांड रिपोर्ट में अभिनेता श्रीनाथ भासी और अभिनेत्री प्रयागा आपराधिक मामले दर्ज हैं। हालांकि, अदालत ने सोमवार को प्रकाश और शियास दोनों को जमानत दे दी क्योंकि पुलिस नशीली दवाओं के उपयोग के उनके दावों को साबित करने में सक्षम नहीं थी। विस्तृत



मार्टिन के नामों का उल्लेख किया गया है। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री एक बार फिर सुर्खियों में है। सोमवार को जानकारी मिली कि गैंगस्टर ओम प्रकाश पर केरल पुलिस की रिमांड रिपोर्ट में अभिनेता श्रीनाथ भासी और अभिनेत्री प्रयागा मार्टिन के नामों का उल्लेख किया गया है। गैंगस्टर को एक होटल में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था और रिमांड रिपोर्ट में उसके होटल के कमरे में प्रयाग और श्रीनाथ की मौजूदगी का उल्लेख है। पुलिस ने ओम प्रकाश और उसके दोस्त शियास के कमरे से ड्रग्स बरामद किया था और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। ओम प्रकाश और शियास के होटल के कमरे पर छापेमारी रविवार को तब की गई जब पुलिस को सूचना मिली कि शनिवार को वहां आयोजित डीजे पार्टी में ड्रग्स का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस ने उन तीन कमरों की तलाशी ली जिनका इस्तेमाल गैंगस्टर द्वारा किया जाता था, जिसके खिलाफ लगभग 30 रिमांड रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि दोनों द्वारा इस्तेमाल किए गए कमरों में लगभग 20 लोग थे और उस सूची में दोनों सितारों के नाम का उल्लेख किया गया है। मराड पुलिस मामले की जांच कर रही है और उसके थाना प्रभारी ने कहा कि वे विस्तृत जांच करेंगे और उन लोगों को पूछताछ के लिए बुलाएंगे जो प्रकाश और शियास के साथ होटल में थे।संयोग से, मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के यौन शोषण की जांच करने वाली हेमा समिति की रिपोर्ट में भी दवाओं के बड़े पैमाने पर उपयोग का उल्लेख किया गया है और यही कारण है कि प्रयागा और श्रीनाथ की उपस्थिति को गंभीरता से देखा जा रहा है। 29 वर्षीय प्रयागा ने अपना फिल्मी करियर 2009 में शुरू किया था और अब तक उन्होंने दो दर्जन से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है और इंडस्ट्री में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। वहीं, 36 वर्षीय श्रीनाथ एक लोकप्रिय अभिनेता हैं।

## पीएम मोदी के लिखे गरबा गीत को गाकर धन्य हुईं पूर्वा मंत्री


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुंबई से ताल्लुक रखने वालीं पूर्वा मंत्री ने बताया कि उन्होंने मां दुर्गा को समर्पित गरबा गीत के लिए यह वास्तव में बहुत बड़ी बात है। मैं धन्य महसूस कर रही हूं। मैं इस बड़े ट्रैक का हिस्सा बनकर आभारी और सम्मानित



'आवती कलाय' महज 24 घंटों में रिकॉर्ड किया और इसके संगीत वीडियो की शूटिंग की। पूरे देश में नवरात्रि की धूम है। लोग इस त्योहार को बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मना रहे हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मां दुर्गा को समर्पित एक गरबा गीत 'आवती कलाय' लिखा है। पीएम ने इस गीत को सोमवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा किया। पीएम ने गीत साझा करते हुए मां से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद सभी पर बना रहे। इस गीत की मधुर प्रस्तुति के लिए पीएम ने गायिका पूर्वा मंत्री का आभार जताया है। वहीं, पीएम के आभार नोट से पूर्वा गदगद हो उठी हैं और गीत को आवाज देकर अपने आप को धन्य महसूस कर रही हैं मुंबई से ताल्लुक रखने वालीं पूर्वा मंत्री ने बताया कि उन्होंने मां दुर्गा को समर्पित गरबा गीत 'आवती कलाय' महज 24 घंटों में रिकॉर्ड किया और इसके संगीत वीडियो की शूटिंग की। गायिका ने पीटीआई भाषा को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'एक कलाकार और एक नागरिक महसूस कर रही हूं। मेरी आंखों में आंसू हैं।' पूर्वा मंत्री ने अपनी बात में आगे जोड़ा, 'यह प्रोजेक्ट आखिरी समय पर आया। उन्होंने मुझे सिर्फ इतना बताया कि हम सरकार के लिए एक प्रोजेक्ट कर रहे हैं, इसलिए तैयार रहें। रिकॉर्डिंग के समय मुझे नहीं पता था कि गाना इतना बड़ा होगा। प्रधानमंत्री ने इसके बोल लिखे थे। रिकॉर्डिंग पूरी करने के बाद मुझे यह आश्चर्य हुआ।' 30 वर्षीय गायिका ने बताया कि उन्होंने रविवार सुबह गुजरात के अंकलेश्वर में एक मोबाइल स्टूडियो में गरबा गीत 'आवती कलाय' को रिकॉर्ड किया, जहां वह एक नवरात्रि उत्सव की मेजबानी कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवी दुर्गा को समर्पित गरबा गीत अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, 'यह नवरात्रि का शुभ समय है और लोग मां दुर्गा के प्रति अपनी भक्ति में एकजुट होकर अलग-अलग तरीके से जश्न मना रहे हैं। श्रद्धा और आनंद की इस भावना में मैंने उनकी शक्ति और अनुग्रह के प्रति समर्पण के रूप में एक गरबा आवती कलाय लिखा।

## इस दिन धूम मचाएगा कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' का ट्रेलर पिंक सिटी में होगा लॉन्च इवेंट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित रिलीज है। इसकी रिलीज को लेकर तमाम अटकलों के बीच यह पुष्टि 2024 को रिलीज हो सकता है। ऐसी भी अटकलें हैं कि ट्रेलर को राजस्थान के जयपुर शहर में भव्य तरीके से लॉन्च किया जाएगा, लेकिन इस पहलू पर अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है। इस बीच रिपोर्ट्स में यह कलावा बंधा है। पोस्टर के साथ लिखा था, 'दरवाजा खुलेगा इस दिवाली'। दरअसल, दिवाली पर यह फिल्म रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर, अर्जुन



हो गई है कि यह फिल्म दिवाली 2024 पर बड़े पर्दे पर आएगी। हाल ही में फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी किया गया था और आधिकारिक तौर पर यह एलान किया गया कि इस दिवाली सिनेमाघरों में यह फिल्म दस्तक देगी। फिल्म के टीजर पहले ही जारी हो चुका है, जिसे फैंस ने खूब पसंद किया था। वहीं, अब फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आ रही है। 'भूल भुलैया 3' के ट्रेलर से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। टीजर के बाद अब फिल्म के निर्माता इसका धमाकेदार ट्रेलर रिलीज करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने ट्रेलर जारी करने की योजना बना ली है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'भूल भुलैया 3' का ट्रेलर 9 अक्तूबर, भी कहा गया है कि भूल भुलैया 3 का ट्रेलर तीन मिनट से ज्यादा लंबा है। इससे पहले खबर थी कि इसका ट्रेलर 6 अक्तूबर को आना था, लेकिन उसमें देरी हुई और अब 9 अक्तूबर को निर्माता फिल्म का ट्रेलर प्रोमो जारी करेंगे। हालांकि, इस बारे में निर्माताओं की ओर से आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है। इससे पहले फिल्म के टीजर में कार्तिक आर्यन और विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की झलक देखने को मिली थी, जिसमें विद्या मंजुलिका के रूप में नजर आई थीं। टीजर से पहले कार्तिक आर्यन ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया था, जिसमें एक बंद दरवाजा नजर आ रहा था और दरवाजे पर बड़ा और पुराना ताला लटका हुआ था। ताले पर मंत्र के धागे, रुद्राक्ष माला और कपूर, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अभिनीत 'सिंघम अगेन' से टकराएगी। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कार्तिक भूत भगाने वाले रूह बाबा की भूमिका निभाएंगे। अनीस ने फ्रेंचाइजी के दूसरे भाग का भी निर्देशन किया था। भूल भुलैया 2 एक ब्लॉकबस्टर थी, जिसने दुनिया भर में लगभग 300 करोड़ रुपये की कमाई की। वहीं अब फिल्म की तीसरी किस्त के लिए बहुत उम्मीदें हैं। कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार हैं। इस फिल्म में विद्या बालन अपनी मंजुलिका की भूमिका को दोहराएंगी। भूल भुलैया 3 इस साल दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## भीड़ से घबराई बच्ची को गोद में लेकर चुप कराते नजर आए रणवीर सिंह


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेता रणवीर सिंह सिंघम अगेन फिल्म के ट्रेलर लांच में एक घबराई हुई बच्ची को गोद मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रणवीर सिंह को एक छोटी बच्ची को बचा रहे हैं, जो वहां मौजूद भीड़ को देखकर



में लेकर चुप कराते हुए नजर आए। इस दौरान रणवीर सिंह का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभिनेता रणवीर सिंह ने बीते दिन अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन के ट्रेलर लॉन्च में पहुंचे। इस दौरान अभिनेता ने प्रशंसकों और मीडिया से बातचीत की। अब अभिनेता का एक वीडियो सोशल घबरा गई थी। रणवीर सिंह को इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कैसे मीडिया और फैंस से बातचीत के दौरान अभिनेता रणवीर सिंह स्टेज पर जाते हैं। इस दौरान उनकी नजर एक बच्ची पर पड़ती है, जो भीड़ से परेशान बच्ची को गोद में लेकर उसको चुप कराने की कोशिश करते हैं। बच्ची भीड़ को देखकर घबरा गई थी। स्टेज पर जाते हुए रणवीर सिंह इस बच्ची के आंसू पोछते हैं और उसके सिर पर हाथ फेरते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद बच्ची को उसकी मां के हाथ में दे देते हैं रणवीर सिंह के इस वीडियो पर कई प्रशंसकों में कमेंट किया है। एक यूजर ने कहा, इस कारण ही भगवान ने उन्हें बेटी दी है। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'अब वह एक पिता हैं, उन्हें पता है कि अपनी राजकुमारी को वह बहुत याद कर रहे थे'। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी का हाल ही में स्वागत किया था। इसकी सूचना उन्होंने सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के दौरान दीपिका प्रेग्नेंट थीं, यह फिल्म उनकी बेटी 'बेबी सिंबा' का डेब्यू है। फिल्म सिंघम अगेन में सिंघम अपनी पत्नी को बचाने के लिए इस बार श्रीलंका में अंडरकवर मिशन को अंजाम देगा। फिल्म में टाइगर को लक्ष्मण की तरह दिखाया गया है। वहीं, रणवीर सिंह को हनुमान के जैसे चित्रित किया गया है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में अक्षय कुमार भी नजर आते हैं, जिन्हें जटायू की तरह पेश किया गया है। इस फिल्म में अर्जुन कपूर विलेन की भूमिका में हैं। कलियुग के रावण की तरह उन्हें दर्शकों के सामने पेश करने की कोशिश की गई है।

## आंखों से सुरमा चुराने वाले सितारे का दिल कई हसीनाओं ने तोड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**जब भी हिंदी सिनेमा के दिग्गजों की बात की जाएगी उसमें राज कुमार का नाम शीर्ष



पर ही दिखाई देगा। राज कुमार ने अपनी अदाकारी डायलॉग डिलीवरी और महाराजाओं वाले ठाठ के चलते दर्शकों के दिल में एक अलग जगह और पहचान बनाई थी। राज कुमार का असली नाम कुलभूषण पंडित था। उन्होंने अपनी इंस्पेक्टर की नौकरी छोड़कर अभिनय की दुनिया का रुख किया था। राज कुमार जितना अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में रहे उतना ही अपनी लव लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बने रहे। आज उनकी बर्थ एनिवर्सरी पर हम उनकी लव लाइफ के बारे में जानेंगे। कहा जाता है कि राज कुमार हेमा मालिनी के प्यार में पड़ गए थे। अभिनेता उनके बहुत बड़े प्रशंसक थे। राज कुमार हेमा मालिनी को इतना पसंद करते थे कि जब उन्हें 'लाल पत्थर' में कास्ट किया गया था, तब उन्होंने निर्देशक एफसी मेहरा वैजयंती माला की जगह हेमा मालिनी को कास्ट करने के लिए कहा था, लेकिन जब हेमा मालिनी को 'लाल पत्थर' मिला तो उन्होंने इसके लिए मना कर दिया।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।